दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

नई दिल्ली। सोमवार 28 जुलाई-2025 | वर्ष : 10 अंक : 219 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3


## रोजाना स्व. राजपाल त्यागी को श्रद्धांजलि देने पहुंच रहे हैं गणमान्य





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। स्वर्गीय पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन के बाद उनके आवास पर परिजनों से शोक संवेदना प्रकट करने के लिए रोजाना प्रमुख लोग पहुंच रहे हैं। पुत्र गिरीश पाल त्यागी एवं विधायक अजीत पाल त्यागी से मिलकर क्षेत्र एवं प्रदेश के लोग जहां अपनी यादों को साझा कर रहे हैं वहीं गम की इस घड़ी में शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं। रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व राज्य सभा सांसद अरुण सिंह, रालोद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी, एमएलसी दिनेश गोयल, जिलाधिकारी दीपक मीणा, शोक संवेदना प्रकट करने के लिए पहुंचे। बताते चलें कि 30 जुलाई को कवि नगर रामलीला मैदान में स्व. राजपाल त्यागी की शोक सभा संपन्न होगी।








## दिल्ली सरकार ने झुग्गी पुनर्विकास के लिए 700 करोड़ रुपये आवंटित किए

### सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, किसी को बेघर नहीं किया जाएगा

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग में झुग्गीवासियों को आश्वासन दिया कि किसी को बेघर नहीं किया जाएगा, पुनर्विकास की प्रक्रिया में पात्र निवासियों को सरकार की ओर से आवास उपलब्ध कराया जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली सरकार ने राजधानी की झुग्गी बस्तियों के पुनर्विकास के लिए 700 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार (27 जुलाई 2025) को शालीमार बाग रेलवे क्रॉसिंग के पास फाटक वाली झुग्गी का दौरा करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह बस्ती रेलवे की जमीन पर बनी है और आजादपुर स्टेशन विस्तार योजना के तहत हटाने का नोटिस जारी किया गया है।

सीएम रेखा गुप्ता ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के चलते अगर झुग्गियों को हटाना पड़ेगा तो पात्र लोगों को सरकार की ओर से आवास दिया जाएगा। उन्होंने विपक्षी दलों कॉन्ग्रेस और आम आदमी पार्टी पर झुग्गीवासियों को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार झुग्गीवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और रेलवे मंत्रालय से बातचीत कर समाधान निकाला जाएगा।

# 'रन फॉर ग्रीन गाजियाबाद' में दौड़े हजारों की संख्या में गाजियाबादी

## गाजियाबाद के प्रति बदला है लोगों का नजरिया : सांसद अतुल गर्ग

## इस तरह के आयोजन आज के समय की आवश्यकता : विधायक सुनील शर्मा





### प्रतिभागियों में एलिवेटेड रोड पर आयोजन को लेकर रहा जबर्दस्त उत्साह

### प्रतिभागियों और उनके परिजनों ने सेल्फी पॉइंट, भंगड़ा व जुम्बा का उठाया लुत्फ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा 'विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस ' के मौके पर आयोजित रन फार ग्रीन गाजियाबाद के तहत आयोजित ग्रीनाथान में प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। राजनगर स्थित सिटी फारेस्ट पर सुबह से ही प्रतिभागी और उनके परिजन पहुंचने लगे। प्रातः 5 बजे से जुम्बा और भांगडा से सिटी फारेस्ट परिसर गूंज उठा। प्रातः करीब 5.30 बजे 21.1 किलो मीटर की हाफमैराथन की शुरूआत हुई। एलिवेटेड रोड पर जगह जगह हाईड्रेशन पॉइंट व वालिंटियर पॉइंट बनाए गए थे।

### 67 वर्षीय सेवानिवृत अधिकारी महिलापाल सिंह ने दिखाया जोश

करंट क्राइम। 21.1 किलो मीटर की हाफ मैराथन के पुरूषों के वर्ग में आकाश कुमार ने प्रथम, महिलापाल सिंह ने द्वितीय और जय प्रकाश ने तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में सुमन ने बाजी मारी। इसके बाद 10 किलो मीटर दौड़ प्रतिस्पर्धा में कपिल पाल ने प्रथम और आयुष ने द्वितीय एवं संजय कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में दीपंशु जोशी प्रथम, मंजू बाना दूसरे और तोपमाया गुरंग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 5 किलो मीटर की दौड़ प्रतिस्पर्धा के पुरूषों के वर्ग में अभिनंदन त्यागी ने प्रथम और प्रियांशू ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं के वर्ग में मीराया माहेश्वरी और राखी त्यागी ने बाजी मारी। ये भी जानने में आया कि 21.1 किलो मीटर की मैराथन में दूसरे स्थान प्राप्त करने वाले सेवानिवृत अधिकारी महिलापाल सिंह की आयु 67 वर्ष है।

### महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने जीडीए की प्रशंसा की

करंट क्राइम। भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि इस तरह के आयोजन कभी देश की राजधानी दिल्ली अथवा मुम्बई आदि शहरों में सुनने को मिलते थे, लेकिन प्राधिकरण के द्वारा विकास के कामों को धरातल पर साकार करने के साथ साथ एक नई परिपाटी का भी श्री गणेश किया गया है। गाजियाबाद मे कभी अपराध जगत को लेकर फिल्में बनती थीं अब ग्रीनाथान जैसे कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं, ये बदलाव गाज़ियाबाद के उज्जवल भविष्य का संदेश है।

प्राधिकरण बोर्ड सदस्य पवन गोयल एवं दूसरे सदस्यों ने भी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। इस बीच अतिथियों ने विजेताओं और उप विजेताओं को मैडल, सर्टिफिकेट तथा नगद धनराशि से पुरस्कृत किया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि पूरे जिले में वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है, प्रयास किए जा रहे हैं कि पेडों की सुरक्षा और उनके रखरखाव मे क्षेत्र के लोग भी आगे आए। प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा कि इस आयोजन का एक मात्र उददेश्य कार्यक्रम से समाज के सभी वर्गों को इस मुहिम मे जोडना है, ये शुरूआत सभी लोगो को जागरूक करने व मुख्यमंत्री द्वारा हरनंदी नदी के किनारे पौधरोपण करने के निदेशों मे जी डी ए की शुरूआत है। पिछले कुछ सालो में एनसीआर मे वायु प्रदूषण की समस्या बढ रही थीं, जिससे अब शहर वासियों को निजात दिलाना है। प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने पूरे आयोजन में सहयोग के लिए पुलिस तथा दूसरे विभागों का भी आभार जताया। जन प्रतिनिधियों और कार्यक्रम में उपस्थित यशोदा समूह के निदेशक डॉ० पीएन अरोरा, पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अनुज स्वरूप तथा दूसरे अधिकारियों ने भी पौधरोपण किया।

### महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि यह सभी के लिए सौभाग्य का विषय

करंट क्राइम। महापौर म्सुनीता दयाल ने कहा कि ये गाजियाबाद और आस-पास के लोगों के लिए सौभाग्य का विषय है जो कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के द्वारा इस तरह का आयोजन रखा है, जिसमें तमाम उम्र के लोगों को हिस्सा लेने का मौका मिला है।

### आयोजन को शानदार तरीके से आयोजित किया गया : अतुल गर्ग

करंट क्राइम। इस दौरान सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि उन्हें खुशी है कि प्राधिकरण के द्वारा इस तरह के आयोजन को इतने शानदार तरीके से आयोजित किया गया है। आयोजन में जिस तरीके से प्रत्येक उम्र के लोगों के द्वारा हिस्सा लिया गया है, उसे देखकर प्रसन्नता हुई। एक वक्त था जब लोग गाजियाबाद में रहने के लिए आते हुए भी घबराते थे, लेकिन पिछले कुछ सालों में गाजिबाद के प्रति लोगों का नजरिया बदला है।

### कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने की आयोजन की तारीफ



करंट क्राइम। सिटी फारेस्ट और एलिवेटेड रोड पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे, इसके साथ साथ स्क्रीन लगायी गई थीं । तमाम प्रतिभागियों और अतिथियों के ग्रीन- कलर की टी शर्ट में दौड़ने का नजारा देखते ही बन रहा था, मानो शहर ही मौसम के साथ हरितमय हो गया हो। आयोजन के दौरान साहिबाबाद विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन समय की सबसे बडी.आवश्यकता है। समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों को जोडे जाने से ही किसी भी तरह का आयोजन सफल होना संभव है। उन्होंने कहा कि देखा जाए तो केंद्र में मोदी और प्रदेश में योगी की सरकार के आने के बाद से पूरे देश में वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में एक पेड़ मॉ के नाम से पूरे देश भर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जी डी ए ने इसे और भी मूर्त रूप दिया है, जिसमें एक दौड़, एक पेड़ माँ के नाम से दौड़ प्रतिस्पर्धा के साथ पौधों को रोपित करने का कार्यक्रम भी रखा गया है।

### डा. पीएन अरोड़ा ने लिया रन फार ग्रीन गाजियाबाद में भाग



करंट क्राइम : गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से विश्व प्राकृतिक संरक्षण दिवस के मौके पर रन फॉर ग्रीन गाजियाबाद के तहत ग्रीनोथान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आईपीएस अधिकारियों से लेकर आईएएस और नेताओं से लेकर आमजन की सहभागिता देखने को मिली। तो वहीं यशोदा मेडिसिटी इंदिरापुरम के अध्यक्ष और मैनेजिंग डायरेक्टर डा. पीएन अरोड़ा ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस तरीके के आयोजन शहर को नई दिशा देने का काम करते हैं। साथ ही यह हमारे स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए भी बेहद जरूरी है। बता दें कि डा. पीएन अरोड़ा सामाजिक और शहर हित के कार्यक्रमों में सदैव प्रमुखता से भाग लेते हैं। ऐसा ही नजारा रविवार को भी देखने को मिला। उन्होंने न सिर्फ मैराथन रेस में दौड़ लगाई बल्कि पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने का संदेश देने का भी काम किया।

### पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी, जीडीए वीसी और महापौर रही मौजूद



करंट क्राइम : गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से आयोजित रन फॉर ग्रीन गाजियाबाद के तहत जहां पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। तो वहीं पौधारोपण भी किया। तो वहीं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इस कार्यक्रम में वह काफी देर तक मौजूद रहे। उन्होंने हरियाली बढ़ाने के लिए लोगों को संदेश भी दिया, तो वहीं गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने भी इस पूरे कार्यक्रम में आए। अतिथियों का स्वागत करते हुए ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताते हुए इसकी प्रशंसा की। वहीं महापौर सुनीता दयाल भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं और उन्होंने पौधारोपण किया। इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग, शहर विधायक संजीव शर्मा, कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सुनील शर्मा और भाजपा महा नगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी उनके साथ पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता ने एमएसआरटी फैसिलिटी वॉरियर्स के विजेताओं को किया सम्मानित









गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ग्रेटर नोएडा स्थित पिच पल्स क्रिकेट ग्राउंड पर विक्रांत दीक्षित एवं आकांक्षा पराशर के संचालन में आयोजित संडे सीजन-2 का फाइनल मुकाबला एमएसआरटी फैसिलिटी वॉरियर्स और सुपर जायंट्स के बीच खेला गया। एमएसआरटी फैसिलिटी वॉरियर्स ने सुपर जायंट्स को हराकरखिताब जीता । फाइनल मुकाबले के इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दैनिक करंट क्राइम के संपादक एवं एमडी मनोज गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं। साथ ही, उन्होंने ग्राउंड संचालकों की व्यवस्थाओं और मैदान की उत्तम तैयारी की विशेष रूप से सराहना भी की। टीम की जीत पर हेड कोच आकाश यादव, ओम दत्त शर्मा, अनुराग और रोहित ठाकुर ,राहुल द्विवेदी ने टीम को बधाई देते हुए खुशी जाहिर की।

# ऑपरेशन सिंदूर पर राजनाथ सिंह आज करेंगे चर्चा की शुरुआत, पीएम मोदी लेंगे हिस्सा!

**ऑपरेशन सिंदूर पर संसद के दोनों सदनों में 16-16 घंटे की चर्चा होगी। सोमवार को लोकसभा और मंगलवार को राज्यसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चर्चा की शुरूआत करेंगे। पीएम मोदी के भी इस चर्चा में शामिल होने की उम्मीद है। सरकार इसे ह्यविजय दिवसह्न की तरह पेश करने की तैयारी में है।**



**नई दिल्ली।** लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की शुरूआत सोमवार को हो सकती है। सरकार की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चर्चा की शुरूआत करेंगे। राजनाथ के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और सांसद अनुराग ठाकुर के चर्चा में भाग लेने की उम्मीद है।

वहीं राज्यसभा में इस पर मंगलवार को चर्चा होगी। पीएम मोदी लोकसभा और राज्यसभा दोनों में चर्चा के दौरान भाग ले सकते हैं। विपक्ष लंबे वक्त से ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग कर रहा है। शुक्रवार को सर्वदलीय बैठक के बाद इसे लेकर सहमति बनती दिख रही है।

### दोनों सदनों में 16 घंटे की बहस

ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए तेलगु देशम पार्टी के लवू श्रीकृष्ण देवरायलु और जीएम हरीश बालयोगी, जबकि समाजवादी पार्टी की तरफ से अखिलेश यादव और राजीव राय को मौका दिया जा सकता है। दोनों सदनों में 16-16 घंटे बहस के लिए निर्धारित किए गए हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'विपक्ष ने बिहार में मतदाता सूची रिवीजन और अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की मांग की थी।

लेकिन सभी पर एक साथ चर्चा नहीं हो सकती। सबसे पहले ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी। इसके बाद तय किया जाएगा कि किन मुद्दों पर चर्चा की जानी है।'

बता दें कि 21 जुलाई से शुरू हुए संसद के मानसून सत्र में लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बार-बार स्थगित हो रही है और दोनों सदनों में बेहद कम कामकाज हुआ है। शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर गतिरोध को समाप्त करने का आग्रह किया।

# मनसा देवी भगदड़ में आठ की मौत

## सीएम धामी ने अस्पताल पहुंचकर जाना घायलों का हाल

**हरिद्वार।** हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर मार्ग पर रविवार सुबह भगदड़ मचने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में 22 घायल हैं और पांच लोग गंभीर घायल हैं, 23 लोग सामान्य हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी भी हरिद्वार पहुंचे और अस्पताल में घायलों का हाल जाना। मुख्यमंत्री से इस दौरान मनसा देवी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने वार्ता की। मनसा देवी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि इस दुखद घटना में मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार मनसा देवी ट्रस्ट द्वारा प्रदान किए जाएंगे। मृतक के परिजनों और घायलों को उनके घर तक ले जाने के लिए ट्रस्ट द्वारा वाहन की व्यवस्था की जाएगी।

### इनकी हुई मौत

1- वकील 45, 2- आरुष 6 रामपुर मुरादाबाद, 3- विशाल 19, 4-विपिन 18, 5-शांति 60, 6- रामभरोसे 65, 7- अज्ञात 19, 8-विक्की 25

### ऐसे हुआ हादसा

मनसा देवी मंदिर दर्शन जाने वाले पैदल मार्ग पर उस वक्त हड़कंप मच गया जब श्रद्धालुओं की



भारी भीड़ के बीच अचानक भगदड़ मच गई।

करीब नौ बजे के आसपास मंदिर की चढ़ाई कर रहे श्रद्धालुओं के बीच किसी ने करंट लगने की अफवाह फैला दी, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

देखते ही देखते लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे। चीख-पुकार के बीच कई श्रद्धालु दब गए। हादसे में एक बच्चे समेत 35 श्रद्धालु घायल हो गए। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें आठ श्रद्धालुओं की मौत की पुष्टि की गई है।

### दो-दो लाख मुआवजे की घोषणा

हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर मार्ग पर हुई भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई। हादसे पर सीएम धामी ने भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने हादसे के मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

# पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर और ट्रंप का दखल...

# सदन में सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस तैयार

**नई दिल्ली।** संसद के मॉनसून सत्र में सोमवार को लोकसभा और मंगलवार को राज्यसभा में पहलगाम आतंकी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर खास बहस होने जा रही है। इससे पहले कांग्रेस ने सरकार को घेरने की रणनीति बना ली है।ए

ार्टी ने रविवार को ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े उन तमाम घटनाक्रमों को सामने रखा, जो अब तक चर्चा में थे लेकिन औपचारिक बहस से बाहर रहे। खास बात यह रही कि कांग्रेस ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे को भी मुद्दा बनाया है, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्होंने भारत पर व्यापार रोकने की धमकी देकर ऑपरेशन सिंदूर को रुकवाया।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद कांग्रेस ने तुरंत दो दिन का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी, लेकिन सरकार ने तब कोई सुनवाई नहीं की।



रमेश ने कहा कि अभी जो 16 घंटे की बहस लोकसभा में और उसके बाद राज्यसभा में होने जा रही है, वह देर से हो रही है लेकिन अच्छा है कि हो रही है।

### सीडीएस की स्वीकारोक्ति और अंतरराष्ट्रीय मंच पर बयान

रमेश ने बताया कि 30 मई को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने सिंगापुर में स्वीकार किया था कि ऑपरेशन सिंदूर के पहले दो दिन रणनीतिक चूकें हुईं। इसके बाद 29 जून को इंडोनेशिया में भारतीय रक्षा अधिकारी ग्रुप कैप्टन शिव कुमार ने संकेत दिया कि राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते ऑपरेशन प्रभावित हुआ और भारतीय वायुसेना को भी नुकसान उठाना पड़ा।

### चीन से टकराव और जम्मू-कश्मीर एलजी का बयान

जयराम रमेश ने आगे बताया कि चार जुलाई को डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने खुलासा किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत को चीन से तकनीकी और सामरिक टकराव का सामना करना पड़ा। वहीं, 14 जुलाई को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सार्वजनिक रूप से कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सुरक्षा एजेंसियों की विफलता का नतीजा था। और वो इसकी जिम्मेदारी लेते हैं।

**ट्रंप के दावे और अमेरिका-पाक रिश्तों पर सवाल :** कांग्रेस ने ट्रंप के बार-बार किए जा रहे उस दावे को भी मुद्दा बनाया जिसमें वे कहते रहे कि उन्होंने भारत को व्यापारिक धमकी देकर ऑपरेशन सिंदूर रुकवाया। रमेश ने यह भी कहा कि ट्रंप ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख को लंच पर बुलाया, जो अभूतपूर्व है। अमेरिकी कमांड और विदेश मंत्री द्वारा पाकिस्तान की आतंकवाद विरोधी भूमिका की तारीफ पर भी सवाल खड़े किए गए हैं।

### मीडिया नैरेटिव और सरकार की भूमिका

कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय मीडिया के एक वर्ग पर भी निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय के मीडिया मैनेजर्स ने मनगढ़ंत नैरेटिव गढ़वाया, जो केवल घरेलू दर्शकों के बीच ही चला। रमेश ने कहा कि अब जबकि संसद में बहस हो रही है, विपक्ष पूरी तैयारी के साथ सरकार को कटघरे में खड़ा करेगा।

# देहरादून में बड़ा हादसा: घर में एलपीजी सिलिंडर से गैस रिसाव के बाद हुआ ब्लास्ट

### तीन बच्चों समेत पांच लोग झुलसे





**देहरादून।** देहरादून के एक घर में एलपीजी सिलिंडर में हुए गैर रिसाव के बाद ब्लास्ट हो गया। इस दौरान हादसे में पांच लोग घायल हो गए। मौके पर फॉरेंसिक टीम और बम डिस्पोजल स्क्वाड को बुलाकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, घटना महंत इंद्रेश अस्पताल के पीछे टपरी, पूर्वी पटेलनगर के एक घर में हुई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि दो व्यस्क और तीन बच्चे झुलसे हुए थे। उन्हें तुरंत 108 के माध्यम से दून अस्पताल भिजवाया गया। मौके पर फॉरेंसिक टीम व बीडीएस टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया।

**ऐसे हुआ हादसा :** जांच में सामने आया कि एक छोटे से कमरे में घायल विजय साहू अपने बच्चों सहित रहता है। रात को कमरे के खिड़की दरवाजे पूरी तरह से बंद थे। उसी कमरे में खाने के गैस सिलिंडर चूल्हा लगा हुआ था। धीरे-धीरे गैस रिसाव होता रहा और सुबह 6:45 बजे के करीब बिजली के स्विच में लगी नंगी तार में हल्की सी स्पार्किंग हुई। इस दौरान कमरे में गैस में आग लग गई और धमाका हो गया। जिस कारण परिवारजन झुलस गए और एक दीवार का हिस्सा व दरवाजा भी क्षतिग्रस्त हों गया।

### ये हुए घायल

1- विजय साहू(38) पुत्र अशरफी लाल निवासी ग्राम असहीपुर थाना व जिला बलरामपुर उत्तर प्रदेश हाल टपरी थाना पटेलनगर देहरादून।
2- सुनीता(35)पत्नी विजय साहू
3- अमर(11)
4- सनी(081)
5- अनामिका(08)

# बिजली चेकिंग टीम पर जर्मन शेफर्ड कुत्ते ने किया हमला

## सिपाही गंभीर रूप से घायल

## मुरादनगर इलाके का मामला पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



### बिल जांच करने पहुंची टीम, समझ नहीं पाई और हो गया हमला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत ग्रामीण जोन के थाना मुरादनगर में बिजली चेकिंग और बकाया बिल वसूली के लिए पहुंची विद्युत विभाग और पुलिस की टीम पर हमले का मामला सामने आया है। इस दौरान आरोप है कि मकान मालिक के चाचा ने अपने जर्मन शेफर्ड पालतू कुत्ते को खोल दिया। जिसने विद्युत चेकिंग टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में राशिद के पालतू जर्मन शेफर्ड कुत्ते ने कांस्टेबल अमर सिंह को काट लिया, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। साथ ही इस दौरान उसकी वर्दी फट गई और मोबाइल भी क्षतिग्रस्त हो गया। थाने को सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और अभियुक्त को मौके से हिरासत पर लेकर आई। बताया जा रहा है कि युसूफ सैफी के मकान पर बिजली विभाग और पुलिस टीम पहुंची थी, इसी दौरान जर्मन शेफर्ड कुत्ते से उन पर हमला करवा दिया गया।

**करंट क्राइम :** पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि कांस्टेबल अमर सिंह और विद्युत निगम के कर्मचारी मौके पर गए थे। इस दौरान पहले मकान मालिक चाचा जावेद से उनकी कह सुनी हुई। इस दौरान वहां मौजूद जर्मन शेफर्ड कुत्ते को इन लोगों ने खोल दिया, जो आक्रमक हो गया। उसने विद्युत निगम के कर्मचारी और कांस्टेबल अमर सिंह पर हमला बोल दिया। जिससे दोनों डर गए और अमर सिंह को कुत्ते ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मौके पर उसकी वर्दी फट गई और मोबाइल भी टूट गया। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राशिद निवासी मोहल्ला तेलियान मुरादनगर बताया जा रहा है।

# वार्ड 99 में चलाया गया सफाई अभियान

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 99 वैभव खंड के विंडसर एक्सप्रेस गार्डन व पारसनाथ मजेस्टिक लोटस पॉन्ड आदित्य मेगा सिटी जीसी ग्रैंड सोसाइटी के बीच का डिवाइडर पर सफाई अभियान चलाया गया। वहां पिछले कुछ दिनों से लगातार सफाई अभियान चला। डिवाइडर अब साफ है, परंतु यह कभी कूड़ाघर बन चुका था। ऐसा लगता था जैसे कोई एक-दो पन्ने नहीं, बल्कि जानबूझकर वहां कूड़ा डम्प किया गया हो। लोगो द्वारा कूड़ा फेंको सफाई हो। फिर फेंको – फिर सफाई हो। यह चक्र चलता रहा तो स्वच्छ भारत सिर्फ एक सपना बनकर रह जाएगा।



# राजेश पायलट स्मृति स्थल पर नवनिर्मित पुस्तकालय भवन में आम सभा का आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। राजेश पायलट स्मृति स्थल पर नवनिर्मित पुस्तकालय भवन में रविवार को सरदार पटेल विचार समित रजि. एक आम सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता प्रधान राजाराम दौसा ने की तथा सभा का संचालन तिलक राज अधाना ने किया। सभा में बड़ी संख्या में उपस्थित समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सफत ली की समाज तथा संगठन के हित में मिलकर सभी कार्य करेंगे। सभा में निवर्तमान अध्यक्ष कटार सिंह ने सभी साथियों के सहयोग के लिए हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने अपने पद पर बने रहने में असमर्थता प्रदर्शित की तथा नए अध्यक्ष का चुनाव/मनोनयन कराने का आग्रह किया। उनके आग्रह पर जगमाल सिंह प्रधानाचार्य, प्रधान राजाराम, प्रधान धर्मपाल खटाना, प्रधान कमल सिंह, एवं चेयरमैन कालूराम ने निर्णय करके विकल सिंह चंदेला पुत्र स्वर्गीय दलबीर प्रधान के नाम पर सहमति प्रधान की एवं सभी उपस्थित जनमानस ने इस प्रस्ताव का समर्थन





किया उसके बाद नवनियुक्त अध्यक्ष विकल्प प्रधान एवं सभी साथियों ने स्वर्गीय। राजेश पायलट एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं सीकरी मंदिर पहुंचकर माता ।रानी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर डॉ बबली गुर्जर, मोनू धामा सभासद, राहुल गुर्जर, तेजपाल पोशवाल, बृजपाल जैनर, हरबीर सिंह गुर्जर, कमल प्रधान बिजेंद्र चंदेला, प्रधानाचार्य जगमाल सिंह। ऋषिपाल सरोहा, सूबे सिंह नागर आदि ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर चाहत राम, धर्मवीर, सतपाल, नितिन पौषवाल, सुनील प्रधान बलबीर भडाना मोनू चंदेला, चमन सिंह पायल, राजू चंदेला, सुंदर चंदेला, देवेंद्र कुमार आदि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# लॉ एंड ऑर्डर रहे मजबूत बीट पुलिसि अफसरों की अधिकारियों ने की मीटिंग

**- रविवार को कमिश्नरेट के सभी सर्किलों में पुलिस बीट अफसरों को दिए गए निर्देश**

## कहीं चेक किए गए रजिस्टर, तो कहीं बताया गया सुरक्षा प्लान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सकुशल कांवड़ यात्रा संपन्न होने के बाद अब पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा पुलिस अधिकारियों को बीट पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत और कानून व्यवस्था की स्थिति सुधारने का निर्देश दिया गया है। इसी के तहत रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन के अंतर्गत आने वाले सभी सर्किलों में एसीपी स्तर के अधिकारियों द्वारा थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों, बीट अफसरों और बीट पर तैनात उपनिरीक्षकों व कांस्टेबल्स को निर्देश दिए गए हैं कि वह अधिक से अधिक भ्रमणशील रहें और अपराध नियंत्रण को लेकर मजबूती से





काम करें। इसके साथ ही कई एसीपी स्तर के अधिकारियों ने बीट अफसरों की बीट बुक और उनको सुरक्षा का प्लान भी समझाया है।



### इलाके के अपराधियों पर नजर रखने का निर्देश

करंट क्राइम : इस दौरान एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल, एसीपी उपासना पांडे, एसीपी अंकुर विहार अजय सिंह, एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव सहित अन्य एसीपी स्तर के अधिकारियों द्वारा बीट पुलिस अफसर व कांस्टेबल को उनके क्षेत्र में रहने वाले अपराधियों की निगरानी और नजर रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही लगातार चोरी, लूट और झपटमारी में जेल गए बदमाशों का डाटा जुटाने का भी निर्देश दिया गया है।

### बीट अफसर जनता से करें बेहतर संवाद और करें विश्वास कायम



करंट क्राइम : इस दौरान पुलिस कमिश्नरे के निर्देश को एसीपी स्तर के अधिकारियों द्वारा अपने बीट पुलिस अफसरों और कांस्टेबल को निर्देश दिया गया है कि वह जनता से बेहतर संवाद करें और लोगों पर विश्वास कायम करने में सफलता हासिल करें। बता दें की पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा बीट पुलिसिंग की शुरूआत की गई थी। जिसको प्रभावी बनाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

# सन्त निरंकारी मिशन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मानवमात्र के कल्याणार्थ सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन आशीर्वाद एवं दिव्य मार्गदर्शन द्वारा ब्रांच गाजियाबाद में रविवार को सन्त निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (सन्त निरंकारी मिशन का सामाजिक विभाग) द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहाँ निस्वार्थ भाव से 191 श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान सभी ने पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ स्वेच्छा भाव से रक्तदान कर मानव कल्याण में अपना सहयोग दिया रक्त संग्रहित करने हेतु जिला अस्पताल ( एम एम जी अस्पताल ) के ब्लड बैंक की टीम व दिल्ली से गुरुतेग बहादुर ब्लड बैंक की टीम वहां उपस्थित हुई। रक्तदान शिविर का उद्घाटन संजीव शर्मा (विधायक गाजियाबाद) व सन्त निरंकारी मिशन के रोशन मीनार आदरनिये जोगिन्दर सिंह खुराना के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर संजीव शर्मा ने रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और जनकल्याण को समर्पित उनकी निस्वार्थ सेवा एवं बहूमूल्य योगदान हेतु भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर जोगिन्दर सिंह खुराना ने भी अपने विचार रखे। ब्रांच संयोजक सतीश गाँधी ने रक्तदाताओं, डॉक्टर एवं उनकी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





● नई दिल्ली। सोमवार 28 जुलाई -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

# श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी ने दिखाया सांसद अतुल गर्ग के प्रति क्रेज

## सबसे पहले भेजा उन्हें निमंत्रण का संदेश



### - चर्चा है कि दिखाया है सुल्लामल वालों ने कविनगर रामलीला वालों को आईना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में यूं तो कईं रामलीलाओं का मंचन आयोजित किया जाता है। मगर शहर के दो रामलीला के मेले ऐसे हैं जिनका क्रेज जनता में काफी बताया जाता है। पहली रामलीला श्रीसुल्लामल रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित की जाती है। ये ऐतिहासिक कमेटी बताई जाती है। बताया जाता है कि इस रामलीला के मंच से बड़े राजनीतिक और समाजिक संदेश दिये जाते रहे हैं। इसका मुख्य अतिथि होना एवं रावण का वध किस नेता या जनप्रतिनिधि के तीर से होगा, इसको भी एक स्टेटस सिम्बल के रूप में माना जाता है। वहीं दूसरी ओर कविनगर रामलीला कमेटी के द्वारा आयोजित होने वाली रामलीला है। ये रामलीला भव्य होती है। इस हाईटेक रामलीला के मेले में आने के लिए लोगों में काफी क्रेज रहता है। एक बड़ा फुटफॉल इस रामलीला में दिखाई देता है। लाखों की संख्या में लोग आते हैं। कहने में कोई शक नहीं कि इस रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ललित जायसवाल इसके मंचन को एक अलग ही लेवल पर लेकर चले गये हैं। मगर इस सबके बावजूद गाजियाबाद के खांटी लोगों की निगाहें इस बात पर टिकी रहती हैं कि ये दोनों कमेटियां अपने मेहमानों को, अपने अतिथियों को क्या भाव देती हैं। हाल ही में जब कविनगर रामलीला कमेटी की बैठक आगामी मंचन को लेकर आयोजित हुई थी। उसमें जब किसी ने सांसद अतुल गर्ग के नाम को संरक्षक के तौर पर प्रमोट किया। तब यहां पर तुरंत कभी अतुल गर्ग के काफी करीब रहे ललित जायसवाल ने उनके नाम पर ही आब्जेक्शन लगा दिया। कहा कि जो कमेटी का सदस्य हो वो ही संरक्षक बनना चाहिए। हालांकि बाद में समिति के सदस्यों ने तर्क देकर अतुल गर्ग को संरक्षक की भूमिका में ला दिया। मगर चर्चा यही थी कि ललित जायसवाल ने जो डेंट देना था, वो दे दिया। भले ही उस डेंट पर बातों का पेंट करके मामले को नार्मल कर दिया गया हो। ललित जायसवाल के रिएक्शन पर अतुल गर्ग की खामोशी सबको हैरान कर रही थी। मगर ये भी सच है कि अतुल गर्ग राजनीति के वो खिलाड़ी हैं जो कई बार बिना कहे सामने वाले को जवाब देते हैं। कुछ ऐसा ही जवाब भले ही अतुल गर्ग ने ना दिया हो मगर श्रीसुल्लामल रामलीला कमेटी को कहीं ना कहीं उस जवाब का लॉन्चर माना जा रहा है। रविवार को जिस तरह सुल्लामल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अजय बंसल अपने महामंत्री नरेश प्रधान के साथ रामलीला मेले का पहला निमंत्रण सांसद अतुल गर्ग को देकर आये हैं। उसे देखने वाले या समझने वाले किसी माकूल जवाब के तौर पर ले रहे हैं। कहने वाले कह रहे हैं कि सुल्लामल वालों ने अतुल गर्ग को प्रथम निमंत्रण देकर कविनगर रामलीला वालों को जवाब देने के साथ-साथ संदेश भी दे दिया है। एहसास कराया है कि जिस चेहरे को आपको संरक्षक के तौर पर स्वीकार करने में ऑब्जेक्शन लगाने पड़े। उस चेहरे को हमने प्रथम निमंत्रण देकर बड़ा सम्मान देने का काम किया है। फिलहाल हो सकता है कि ये सबकुछ एक सामान्य प्रक्रिया रही हो। मगर कमेटी के पुराने चावल इसे अलग ही चश्मे से देख रहे हैं।

# ऑपरेशन सवेरा को फिर से संवारेगी गाजियाबाद पुलिस

## जल्द शुरू होगा सोसायटियों, बाजारों और सोशल मीडिया पर अभियान

गौरव शशि नारायण




**पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड की है कोशिश, बुजुर्गों को मिले सुरक्षा, सम्मान और साथ**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कमिश्नर जे रविंदर गौड जल्द ही ऑपरेशन सवेरा को लेकर नई शुरूआत करने वाले हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में पुलिस 60 साल से अधिक के उम्र वाले बुजुर्ग महिला-पुरुष नागरिकों के लिए विशेष कार्यक्रम शुरू करेगी। जिसका मकसद उनकी सुरक्षा, सम्मान और साथ प्रदान करना है। इसके तहत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन के अंतर्गत रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों की सूची तैयार होगी। तो वहीं सोसायटियों से लेकर अलग-अलग संस्थाओं से जुड़े लोगों के जरिए बुजुर्ग लोगों को जोड़ने का प्लान बनाया गया है। तो वहीं गाजियाबाद पुलिस सोशल मीडिया के जरिए भी बुजुर्गों और वरिष्ठ नागरिक को जोड़ने का काम करेगी। इस अभियान का मकसद उनके बारे में पूरी जानकारी जुटाना के साथ ही उनकी सुरक्षा, सम्मान और साथ देने का भी पुलिस प्लान बना रही है। बता दें कि वर्तमान में पुलिस के पास पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगभग चार लाख बुजुर्गों के रिकॉर्ड मौजूद होने की जानकारी मिली है।

### रिकॉर्ड मेंटेन करने से लेकर मुलाकात के कार्यक्रम भी होंगे आयोजित

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने गाजियाबाद में जहां पुलिसिंग सुधारने के लिए बीट व्यवस्था शुरू की थी। तो वही पुलिस कर्मियों को तुम, तू ना कहने के दिशा निर्देश दिए गए थे। इसके साथ ही थानों में पहुंचने वाले लोगों को पहले कुर्सी मुहैया कराने और फिर थाने में आने वाले बच्चों को टॉफी देने का भी कार्यक्रम शुरू किया गया था। इसके साथ ही वदियों के घर मुकदमा दर्ज होने पर एफआईआर की कॉपी पहुंचाने का भी प्रशंसनीय कार्य किया जा चुका है। अब पुलिस कमिश्नर की कोशिश है कि 60 साल से अधिक उम्र वाले लोगों को गाजियाबाद पुलिस के साथ जोड़ा जाए। पुलिस ऑपरेशन सवेरा के तहत उन बुजुर्गों का पुलिस रिकॉर्ड मेंटेन करेगी। तो वहीं अलग-अलग थानों, चौकी और एसीपी स्तर के अधिकारियों के साथ समय-समय पर कार्यक्रम कराए जाएंगे। जिनमें उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाएगा और उनको पुलिस थाने और अधिकारियों के चक्कर न लगाने पड़े। उनसे समय-समय पर बीट पुलिस से जुड़े पुलिसकर्मी संवाद स्थापित करने का काम करेंगे। इसके लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों तैयारी की जा रही है ताकि इस अभियान को प्रमुखता के साथ शुरू करते हुए सफल बनाया जा सके।



### बुजुर्गों की सुरक्षा और सम्मान का खाकी रखेगी ध्यान : पुलिस कमिश्नर



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहा है कि गाजियाबाद पुलिस ऑपरेशन सवेरा कमिश्नरेट के तीनों जोन में प्रमुखता के साथ शुरू करेगी। जिसमें बुजुर्गों की सुरक्षा और उनके सम्मान का ध्यान रखा जाएगा। इस अभियान के तहत समय-समय पर डीसीपी और एडिशनल सीपी स्तर के अधिकारियों द्वारा बुजुर्गों के साथ मुलाकात और खास अवसरों पर मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि उनकी मुलाकात होती रहे और उनको आने वाली परेशानियों को सुनकर समाधान करवाया जा सके।

> पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहा है कि गाजियाबाद पुलिस ऑपरेशन सवेरा कमिश्नरेट के तीनों जोन में प्रमुखता के साथ शुरू करेगी। जिसमें बुजुर्गों की सुरक्षा और उनके सम्मान का ध्यान रखा जाएगा।

# तीन जुलाई को करके नाले की खुदाई क्यों दिखाई नगर निगम ने लंबी जुदाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कहानी इन्दिरापुरम के काला पत्थर रोड की है और कहानी में एक नाला है, कहानी में बारिश का पानी है और कहानी में अब धरने वाला सीन आ रहा है। दरअसल 3 जुलाई को इन्दिरापुरम मकनपुर के वार्ड संख्या 57 में नगर निगम ने काला पत्थर रोड पर एक नाले की खुदाई का काम शुरू किया था। 3 जुलाई को यहां निगम ने खुदाई की और फिर क्या हुआ कि इस काम को नगर निगम ने रोक दिया। खुदाई के काम से नगर निगम ने खुद को दूर कर लिया और फिर दिन पर दिन बीते और बरसात आ गई। बरसात के कारण यहां पानी भर गया। इस जल भराव से क्षेत्र के स्थानीय दुकानदारों को दिक्कत हो रही है। उन्हें जल भराव के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोग अब नाले को लेकर नगर निगम पर धरने की प्लानिंग कर रहे हैं। उनका कहना है कि 25 दिन पहले यहां नाले की खुदाई का काम शुरू हुआ था और 25 दिन बीत जाने के बाद भी ये काम फिर से शुरू नहीं हुआ है और लोगों को परेशानी हो रही हैं।

ये क्षेत्र नगर निगम के वार्ड संख्या 57 में आता है। यहां के पार्षद राधेश्याम त्यागी हैं वो क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए तैयार रहते हैं और वो भी इस मामले में लगातार प्रयास कर रहे हैं। जनता का भी ये कहना है कि पार्षद तो मजबूत हैं लेकिन यहां इस मामले में नगर निगम ध्यान नहीं दे रहा है और नाले का ये जल भराव जनता के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। अब जनता परेशान है और जनता ने यहां खुद धरने की प्लानिंग करनी शुरू कर दी है। उनका कहना है कि अगर जल भराव से जल्दी ही निजात नहीं मिली तो फिर वो नगर निगम पर धरना देंगे।

# 'लैटर ने खोला उड़ते हुए ड्रोन का राज'

## जब खुली परतें तब आई नदियों के सर्वेक्षण की बात...







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार की रात भी गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के कई गांवों में ड्रोन की दशहत की सूचना जमकर आइ हैं। तो वहीं मसूरी थानाक्षेत्र के कई इलाकों में ड्रोन की दहशत के बाद पुलिस की गाड़ियों से अनाउंसमेंट कराया गया कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। तो भीड़ जुटाने वालों को भी पुलिस ने रात को खदेड़ने का काम किया। इसके साथ ही लोनी के रिस्तल गांव में भी हवा में ड्रोन देखकर लोगों ने पुलिस को फोन मिला दिया। तो वहीं कई अन्य गांवों में भी रात के समय लोग आकाश में रहस्यमई ड्रोन को लेकर पहरा देते नजर आए हैं। उधर रविवार की शाम सोशल मीडिया पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन उत्तर प्रदेश और क्षेत्रीय सर्वेक्षण कार्यों के संगठन विभागीय और अनुबंध फार्म के द्वारा जिलों में हिंडन नदी के फ्लड प्लेन जोन को चिन्हित निर्धारण करने के लिए ड्रोन सर्वेक्षण कार्य होने की जानकारी मिली है। जिसमें बताया गया है कि भारतीय सर्वेक्षण विभाग नेशनल मैपिंग एजेंसी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के अधीन है। जिसका प्राथमिक कार्य होरिजेंटल और वर्टिकल ग्रैजुएलिकल रेफरेंस फॉर्म को समूचे देश में स्थापित करना और उनकी देखरेख करना है।

विभाग द्वारा देश के प्रशासनिक सीमाओं की मैपिंग डिजिटल एलिवेशन मॉडल लार्ज स्केल सर्वेक्षण तोपोनॉमी ऑर्थो रेक्टिफाइड एजेंसी एवं भू स्थाई सर्वेक्षण किया जा रहे हैं। जिसकी वजह से आकाश में इन दिनों ड्रोन और रहस्यमई लाइटें नजर आ रही हैं। इस लैटर में निदेशक डीएन पाठक के हस्ताक्षर हैं।

### मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर जिलों में चल रहा है अधिक काम

करंट क्राइम : इस लैटर में जानकारी दी गई है कि उत्तर प्रदेश के मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर जिलों में हिंडन नदी के फ्लड प्लेन जोन को चिन्हित कर निर्धारण करने के लिए ड्रोन सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इसके लिए लोकल प्रशासन को सहयोग करने के लिए भी जानकारी दी गई है। उधर सोशल मीडिया पर लैटर तेजी से वायरल हो रहा है। तो वहीं शनिवार की रात को भी गाजियाबाद के लोनी और मसूरी थानाक्षेत्र के कई गांवों में रहस्यमई ड्रोन देखे जाने और लोगों की भीड़ जुटने की जानकारी के बाद पुलिस अलर्ट मोड पर आई थी।

# विपक्ष भी न्यायपालिका को विपक्ष की भूमिका में देखना चाहता है : बालेश्वर त्यागी

> ऐसा लगता है कि कार्यपालिका में सामूहिकता का भाव घटा है। प्रदेश में एक स्तर के कई नेता होते थे, उनके सोचने समझने और निर्णय लेने की वेव लेंथ लगभग एक जैसी ही होती थी। इस कारण उनका मत भी मानो मुख्य मंत्री का मत समझा जाता था। अब एकाधिकार की प्रवृति बढ़ी है। सारे निर्णय सर्वोच्च स्तर से होते हैं। इसलिए उन निर्णयों पर प्रश्न करने को धृष्टता समझा जाने लगता है। अंग्रेजी की एक कहावत है - kingh can do no wrong राजा कोई गलती नहीं करता, कुछ ये भाव प्रबल हुआ है।

> न्यायपालिका की भूमिका बढ़ी है। जो निर्णय राजनैतिक स्तर से और कार्यपालिका द्वारा लिए जाने चाहिए उन निर्णयों के लिए न्यायपालिका का दरवाजा खटखटाया जाता है। इसलिए न्यायपालिका की भूमिका का विस्तार हुआ है और उस पर काम का बोझ बढ़ा है। विपक्ष भी न्यायपालिका को विपक्ष की भूमिका में देखना चाहता है। इसी का दुष्परिणाम है कि बहुत सारे निर्णयों की इसलिए आलोचना होती है क्योंकि वे सत्तापक्ष के विरोध में नहीं होते हैं। इन बदली परिस्थितियों में सभी को नई भूमिका का निर्वाह करने का परिणाम सभी नई परिस्थितियों से सहज नहीं हैं।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकतंत्र की परिभाषा बदल रही है। विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, पत्रकारिता और नौकरशाही सभी की कार्यप्रणाली में परिवर्तन दिखता है। पता नहीं ये समय की आवश्यकता है या कोई नया प्रयोग है, कहा नहीं जा सकता है। समाचार पत्रों की भूमिका बदल रही है। खोजी पत्रकारिता का युग समाप्त हो रहा है। जो ऊपर से दिख रहा है, वहीं बताया जा रहा है।राष्ट्रीय समाचार पत्रों के स्थानीय पत्रकार विज्ञप्तियों के आधार पर समाचार लिख रहे हैं।समाचार पत्रों के मालिक तय करते हैं कि सरकार की आलोचना का संदेश न जाय ऐसे समाचार छपने चाहिए या सरकार के विरोध समाचार भी छपे। अब सरकारों की विज्ञापन नीति भी बदली है। दो दो पृष्ठ के सरकार के विज्ञापन के समाचार तो अक्सर समाचार पत्रों में छपते रहते हैं। क्षेत्रीय और भाषाई समाचार पत्रों का युग चला गया।स्थानीय समाचार पत्र अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष करते दिखते हैं।

विधान सभाओं के सत्र बहुत छोटे होते जा रहे हैं। सरकारी कार्यों और वैधानिक दायित्वों के निर्वाह तक सीमित होते जा रहे हैं। जन समस्याओं को उठाने के सबसे प्रभावी मंच अब अनुपलब्ध हो रहे हैं। विभिन्न नियमों में अपनी समस्याओं को उठाकर जहां विधायक अपने क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर पाते, वहीं इन सवालों के माध्यम से नौकरशाही के ऊपर पर दबाव बनाने में सफल होते। साथ ही अपना राजनैतिक नेतृत्व विकसित होने के अवसर भी हाथ से निकल रहे हैं। विधान सभा की विभिन्न कमेटियों की सक्रियता भी प्रशासन की निद्रा को भंग करने का काम करती हैं, उनकी निष्क्रियता भी विधायिका की भूमिका को कम कर रही है।

ऐसा लगता है कि कार्यपालिका में सामूहिकता का भाव घटा है। प्रदेश में एक स्तर के कई नेता होते थे, उनके सोचने समझने और निर्णय लेने की वेव लेंथ लगभग एक जैसी ही होती थी। इस कारण उनका मत भी मानो मुख्य मंत्री का मत समझा जाता था।अब एकाधिकार की प्रवृति बढ़ी है। सारे निर्णय सर्वोच्च स्तर से होते हैं। इसलिए उन निर्णयों पर प्रश्न करने को धृष्टता समझा जाने लगता है। अंग्रेजी की एक कहावत है - ;ऌं ल्ल ङ्गि ल्लङ्क ६१ङ्गल्ल राजा कोई गलती नहीं करता, कुछ ये भाव प्रबल हुआ है। शायद मुख्यमंत्री की व्यस्तता बढ़ी है। विधायकों और मंत्रियों का मुख्यमंत्री से मिलना अखबारों के समाचार बनते हैं। राजनैतिक निर्णय भी नौकरशाही के माध्यम से लिए जाने की प्रवृति बढ़ी है।

न्यायपालिका की भूमिका बढ़ी है। जो निर्णय राजनैतिक स्तर से और कार्यपालिका द्वारा लिए जाने चाहिए उन निर्णयों के लिए न्यायपालिका का दरवाजा खटखटाया जाता है। इसलिए न्यायपालिका की भूमिका का विस्तार हुआ है और उस पर काम का बोझ बढ़ा है। विपक्ष भी न्यायपालिका को विपक्ष की भूमिका में देखना चाहता है। इसी का दुष्परिणाम है कि बहुत सारे निर्णयों की इसलिए आलोचना होती है क्योंकि वे सत्तापक्ष के विरोध में नहीं होते हैं।

इन बदली परिस्थितियों में सभी को नई भूमिका का निर्वाह करने का परिणाम सभी नई परिस्थितियों से सहज नहीं हैं।

## संपादकीय

# जीत की राह

दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए भारी भरकम नकद पुरस्कार और सरकारी नौकरियां देने का निर्णय किया है। सरकार का यह कदम राज्य में स्वस्थ खेल संस्कृति विकसित करने का एक प्रयास है। मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ओलिंपिक और पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि 3 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 7 करोड़ रुपये कर दी गई है। इसी तरह रजत पदक विजेताओं को अब 5 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 3 करोड़ रुपये मिलेंगे। एशियाई और पैरा एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेताओं को दिल्ली सरकार की ओर से 3 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं को 2 करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेताओं को 1 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वालों को 2 करोड़ रुपये, रजत पदक विजेताओं को 1.5 करोड़ रुपये और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 1 करोड़ रुपये देने की घोषणा की गई है। राष्ट्रीय खेलों में दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले पदक विजेताओं को 11 लाख रुपये दिए जाएंगे।

**राज्य ने इच्छुक खिलाड़ियों के लिए सस्ते और आसानी से उपलब्ध सरकारी धन से तैयार बुनियादी ढांचे और कोचिंग सुविधाओं के साथ सामुदायिक और पारिवारिक भागीदारी को मिलाकर अनूठा वातावरण तैयार किया है जिसने पहलवानों, फुटबॉल और हॉकी खिलाड़ियों, मुक्केबाजों, तीरंदाजों और क्रिकेटरों की फौज पैदा की है।**

यह कदम उत्साहजनक है लेकिन भारत के सबसे संपन्न राज्यों में से एक द्वारा खेलों पर भारी भरकम खर्च करने के निर्णय को पंजाब और हरियाणा जैसे पड़ोसी राज्यों के साथ रचनात्मक प्रतिस्पर्धी संघवाद के प्रयास के रूप में भी देखा जा सकता है। दिल्ली के इन पड़ोसी राज्यों में खिलाड़ियों का लगातार सहयोग किया जाता है और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय खेलों में इसके उल्लेखनीय परिणाम भी मिले हैं। इन दोनों राज्यों के खिलाड़ियों ने 2024 पेरिस ओलिंपिक खेलों में भारत के कुल 22 पदकों में से 15 पदक जीते थे और भारत के 117 सदस्यीय दल में से 42 इन्हीं दोनों राज्यों के थे। उदार नकद पुरस्कार और सरकारी नौकरियों का वादा कम से कम खेल को व्यवहार्य करियर विकल्प के रूप में देखने की आवश्यकता को देर से ही सही, मिली मान्यता को दशार्ता है। खेलो इंडिया और टारगेट ओलिंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) जैसी केंद्रीय योजनाओं के साथ राज्य में अब शीर्ष स्तर के खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त सहयोग उपलब्ध है। हालांकि, यह खर्च भारत में खेलों को मिलने वाली वित्तीय सहायता की प्रकृति में बड़े बदलाव को प्रतिबिंबित नहीं करता है जहां करदाताओं के पैसे और सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों ने ही दशकों से भारत के अग्रणी खिलाड़ियों को सहारा दिया है। क्रिकेट या बैडमिंटन जैसे खेलों में सफल खिलाड़ियों को आकर्षक विज्ञापन अनुबंध मिल जाते हैं। इसलिए इन अपवादों को छोड़ दें तो भारतीय खेलों के लिए निजी कॉरपोरेट क्षेत्र से मिलने वाला धन अपेक्षाकृत कम है जबकि पश्चिमी देशों में यह सरकार की ओर से दी जाने वाली महत्त्वपूर्ण वित्तीय सहायता के पूरक की तरह है। यह विडंबना ही है कि एक ऐसा राज्य जिसके पास एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर की पर्याप्त खेल सुविधाएं उपलब्ध हैं, चैंपियन बनाने के मामले में पिछड़ा हुआ है। इसलिए दिल्ली सरकार के प्रयासों का कम से कम एक हिस्सा उपयुक्त खेल पारिस्थितिकी तंत्र और खेल संस्कृति विकसित करने पर भी खर्च किया जाना चाहिए। इसमें शहर भर में सरकारी धन से तैयार खेल सुविधाओं तक बेहतर पहुंच प्रदान करना शामिल होना चाहिए, जो फिलहाल तो राजनेताओं और अफसरशाही के कब्जे में दिखती हैं।

# भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते पर जागरूक करेगी सरकार

## 20 दिनों में 1,000 बैठकें, कार्यशालाएं आयोजित करेगी

**समझौते के तहत, ब्रिटेन की स्कॉच व्हिस्की पर भारत में शुल्क 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा और 2035 तक इसे और घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया जाएगा।**



**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। अब सरकार देशभर में हितधारकों के साथ बैठक कर लोगों को इस समझौते के बारे में जागरूक करेगी। सरकार अगले 20 दिनों में देश भर में हितधारकों के साथ बैठकें करेगी, कार्यशालाओं, जागरूकता अभियानों और फीडबैक सत्रों सहित 1,000 आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस कवायद का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि व्यापार समझौते के अधिकतम लाभ देश के लोगों को मिल सकें।

### दोनों देशों में व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य

व्यापार समझौते के लाभों के बारे में जानकारी देने के लिए सरकार की विभिन्न टीमें विभिन्न राज्यों का भी दौरा करेंगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सोमवार को व्यापार समझौते पर चमड़ा और टेक्सटाइल सेक्टर के लोगों के साथ बैठक करेंगे। व्यापार समझौता लागू होने के बाद 99 प्रतिशत भारतीय सामान ब्रिटेन में शुल्क-मुक्त हो जाएगा। इससे कार, सौंदर्य प्रसाधन और व्हिस्की जैसे ब्रिटिश उत्पादों पर भारत में भी शुल्क कम हो जाएगा।इस समझौते का उद्देश्य 2030 तक दोनों देशों के बीच 56 अरब अमेरिकी डॉलर के व्यापार को दोगुना करना है।

### भारत के 99 फीसदी उत्पादों से हटेगा शुल्क

भारत ने ब्रिटेन की चॉकलेट, बिस्किट और सौंदर्य प्रसाधनों सहित विभिन्न उपभोक्ता वस्तुओं के लिए अपना बाजार खोल दिया है। वहीं भारत के कपड़ा, फर्नीचर, जूते, रत्न और आभूषण, खेल के सामान और खिलौनों जैसे उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में पहुंच मिलेगी। इसके अलावा, ब्रिटेन में कार्यरत टीसीएस और इंफोसिस जैसी भारतीय कंपनियों को भारत से आने वाले कर्मचारियों के लिए तीन साल तक सामाजिक सुरक्षा अंशदान नहीं करना होगा। समझौते के तहत, ब्रिटेन की स्कॉच व्हिस्की पर भारत में शुल्क 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा और 2035 तक इसे और घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया जाएगा। भारत, ऑटोमोबाइल पर भी आयात शुल्क को पांच वर्षों में घटाकर 10 प्रतिशत कर देगा, जो वर्तमान में 110 प्रतिशत दर है।

### घरेलू ऑटोमोटिव क्षेत्र का रखा गया है ध्यान

भारत ने व्यापार समझौते के तहत, घरेलू ऑटोमोटिव उद्योग का भी ख्याल रखा है और विशेष रूप से मध्यम और छोटी कारों और कम कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहनों की रक्षा करते हुए, ब्रिटिश ऑटो निर्यातकों को केवल बड़े पेट्रोल और डीजल वाहनों और महंगे इलेक्ट्रिक वाहनों पर ही शुल्क में रियायतें प्रदान की हैं। समुद्री उत्पाद (सी फूड), जिन पर वर्तमान में 4.2 प्रतिशत से 8.5 प्रतिशत के बीच कर लगता है, इस समझौते के लागू होने के बाद शुल्क-मुक्त हो जाएंगे। व्यापार समझौते से भारत के टेक्सटाइल क्षेत्र को बड़ा फायदा होगा।

# रिलायंस समेत छह कंपनियों की मार्केट वैल्यू में करोड़ों की गिरावट



**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह शेयर बाजार में कमजोरी का असर देश की सबसे मूल्यवान कंपनियों पर भी दिखा। टॉप-10 सबसे ज्यादा वैल्यू वाली कंपनियों में से 6 के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल 2.22 लाख करोड़ की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट में सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ है, जिसका मार्केट कैप 1.14 लाख करोड़ तक घट गया।

बीएसई सेंसेक्स पिछले सप्ताह 294.64 अंक यानी 0.36 फीसदी गिरा। विश्लेषकों का कहना है कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली, व्यापार समझौतों को लेकर अनिश्चितता और कुछ बड़ी कंपनियों के कमजोर प्रदर्शन की वजह से बाजार में दबाव बना रहा। हालांकि बैंकिंग सेक्टर ने मजबूत नतीजों की वजह से थोड़ी राहत दी।

**रिलायंस का सबसे बड़ा नुकसान :** रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 1,14,687.7 करोड़ घटकर 18,83,855.52 करोड़ रह गया। यह टॉप-10 कंपनियों में सबसे बड़ी गिरावट है। इसके अलावा टीसीएस को 20,080.39 करोड़, इंफोसिस को 29,474.56 करोड़, एलआईसी को 23,086.24 करोड़, बजाज फाइनेंस को 17,524.3 करोड़ और हिंदुस्तान यूनिलीवर को 17,339.98 करोड़ की गिरावट झेलनी पड़ी।

हालांकि कुछ कंपनियों ने बाजार में बढ़त भी दर्ज की। एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 37,161.53 करोड़ बढ़कर 15,38,078.95 करोड़ हो गया। आईसीआईसीआई बैंक को 35,814.41 करोड़ की बढ़त मिली और उसका मूल्यांकन 10,53,823.14 करोड़ पहुंच गया। भारती एयरटेल ने 20,841.2 करोड़ और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने 9,685.34 करोड़ की बढ़त हासिल की। रिलायंस इंडस्ट्रीज अब भी देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है, उसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इंफोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान है।

**भविष्य के लिए सतर्कता जरूरी :** विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार में आगे भी उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, खासकर जब तक व्यापार समझौतों पर स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती और विदेशी निवेशकों की दिशा साफ नहीं होती। निवेशकों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

## राशिफल

**मेष :** कठिन मुद्दों को निपटाने में भाग्य आपका साथ देगा। यदि आप अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहते हैं, तो नए गठबंधन में प्रवेश करने का यह एक अच्छा समय है।

**वृष :** आज आपके कार्यक्षेत्र में कुछ नए बदलाव आ सकते हैं। शाम को किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बना सकते हैं। छात्रों के लिए आज का दिन सामान्य है।

**मिथुन :** आज आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी. सरकार से लाभ होने की संभावना है। आपकी पुरानी बीमारी सामने आ सकती है।

**कर्क :** आज आप प्रयास करेंगे तो आपको अच्छी सफलता भी मिल सकती है. आज आप लगभग किसी को भी अपनी बात से सहमत करा सकते हैं।

**सिंह :** शिक्षा, बैंकिंग, तकनीकी गतिविधियों से जुड़े क्षेत्रों से जुड़े लोग बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। अटकलबाजी और मनोरंजन पर खर्च कई लोगों की जेबें भर सकता है।

**कन्या :** आज जीवनसाथी के साथ संबंध बेहतर रहेंगे. आर्थिक पक्ष पहले से ज्यादा मजबूत होगा। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। आज आपके मन में नए विचार आएंगे।

**तुला :** प्रेम संबंधों के लिए यह समय आपके लिए बहुत अच्छा है। कुछ लोगों की बेरोजगारी दूर होने वाली है। आपको अचानक लंबे समय के लिए यात्रा करनी पड़ सकती है।

**वृश्चिक :** ऑफिस में कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलने की संभावना है. नया काम शुरू करने का मन भी बना सकते हैं। दूसरों की बात ध्यान से सुनें। सकारात्मक रहें।

**धनु :** यह मिश्रित फल देने वाला समय होगा। इस समय आप थोड़े चिंतित हो सकते हैं। वित्तीय मुद्दों को हल करने में भी कुछ समय लग सकता है।

**मकर :** आज कुछ लोग आपसे प्रभावित होंगे. आपकी ऊर्जा में वृद्धि होगी। लाभ के नए रास्ते खुलते नजर आएंगे। किसी को उधार दिया गया पैसा वापस मिलने की उम्मीद है।

**कुंभ :** आज आपको मित्रों का सहयोग लेना पड़ सकता है. स्त्री की ओर आकर्षित हो सकते हैं। मित्र और सहकर्मी आपके प्रयासों में आपका साथ देंगे।

**मीन :** आपको अच्छे अवसर मिल सकते हैं। नई योजना को लेकर भी आप कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। नौकरी में नया पद या नई नौकरी का प्रस्ताव मिल सकता है।

## चुटकुले

पांच सितारा होटल में एक आदमी वेटर से बोला- चाय लाओ
वेटर ने ट्रे में गर्म पानी, टी बैग, शुगर क्यूब और दूध पाउडर रख दिया...!
आदमी ने जैसे-तैसे चाय बनाकर पी...!
थोड़ी देर बाद वेटर ने पूछा- सर और कुछ लेंगे...?
आदमी- देख भाई, मन तो पकौड़े खाने का हो रहा है...
लेकिन डर लग रहा है कि कहीं तू मेरे सामने तेल, बेसन, नमक, मिर्च, कढ़ाई और अंगीठी ना लाकर रख दे...!

---

पति - शादी से पहले तुम बहुत उपवास रखती थी अब क्या हो गया...?
पत्नी - बहुत नहीं, सिर्फ 16 सोमवार रखती थी...!
पति - फिर अब क्या हुआ...?
पत्नी - फिर तुमसे शादी हो गई और मेरा उपवास से भरोसा ही उठ गया...!

# ब्रिटिश व्हिस्की का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है भारत

## सालाना 22 करोड़ लीटर की खपत



**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच संपन्न हुए हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के केंद्र में एक महत्वपूर्ण उत्पाद है व्हिस्की। दिलचस्प बात यह है कि भारत न केवल ब्रिटेन से बड़ी मात्रा में व्हिस्की मंगाता है बल्कि यह ब्रिटिश व्हिस्की के लिए दुनिया का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार भी बन चुका है।

स्कॉच व्हिस्की एसोसिएशन और कन्फेडरेशन का ब्रिटिश इंडस्ट्री (सीबीआई) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार भारत दुनिया में सबसे ज्यादा व्हिस्की खपत करने वाला देश है, जहां हर वर्ष करीब 22 करोड़ लीटर से अधिक व्हिस्की का उपभोग होता है। भारत ब्रिटेन से हर साल करीब 13,000 करोड़ रुपए की प्रीमियम और स्टैंडर्ड स्कॉच ब्रांड्स जैसे जॉनी वॉकर, चिवास रीगल, बैलेनटाइंस, ग्लेनफिडिक और द मैकऐलन आयात करता है।

**समझौते में बनी सहमति :** समझौते के तहत भारत द्वारा स्कॉच व्हिस्की पर लगाए गए 150% आयात शुल्क को चरणबद्ध रूप से 75% या उससे नीचे तक लाने पर सहमति बनी है। इससे भारतीय बाजार में स्कॉच की खुदरा कीमतों में 10 से 30 प्रतिशत तक की गिरावट आने की संभावना है। इससे जॉनी वॉकर ब्लैक लेबल, ग्लेनफिडिक जैसी प्रीमियम व्हिस्की आम ग्राहकों की पहुंच में आ सकती हैं। स्कॉच व्हिस्की एसोसिएशन के अनुसार भारत में कर कटौती के साथ स्कॉच की बिक्री में 20-25% की वृद्धि संभव है जो निर्यात लक्ष्यों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जहाँ एक ओर दुनिया में लोग भूखे मर रहे हैं वहीं हर साल दुनिया का आधे से अधिक खाना फेंक दिया जाता हैं।
- आप मानें या ना मानें पर डाक्टरों की अजीब तरह से लिखने की आदत हर साल 7000 लोगों की जान ले लेती हैं।
- मोमबत्ती के ज्वाला में कई छोटे छोटे हीरे के टुकड़े होते हैं।
- वैसे तो जन्म और मृत्यु पर किसी का नियंत्रण नहीं होता पर चीन में बिना सरकारी इजाजत के किसी का पुर्नजन्म नहीं हो सकता।
- हर वो सिगरेट जिसका धुआं आपके शरीर में जाता हैं आपकी जिंदगी के 11 मिनट कम कर देता हैं।
- धरती के 80% जीव कीड़े मकोड़े हैं।
- माइकल जैक्सन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए 9/11 हमले में ही मारे गए होते पर वो घर पर सोए ही रह गए और उनकी मीटिंग कैंसल हो गई।
- सुअरों की शारीरिक बनावट ऐसी होती हैं कि वे आकाश नहीं देख सकते।
- कोई नहीं जानता कि अग्निशामक यंत्र का आविष्कार किसने किया क्योंकि इसका पेटेंट आग में जलकर नष्ट हो गया।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# विश्व विश्वविद्यालय खेलों में तीरंदाज जाधव को स्वर्ण, प्रवीण और सीमा का जलवा




**नई दिल्ली।** साहिल जाधव ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में शनिवार को स्वर्ण पदक जीता, जिससे भारतीय तीरंदाजों ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) के तीरंदाजी स्पर्धा में पांच पदकों के साथ अभियान समाप्त किया। इससे पहले परनीत कौर महिला कंपाउंड के रोमांचक फाइनल में दक्षिण कोरिया की मून यीउन के खिलाफ दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रही और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

इन दोनों के अलावा भारत ने कंपाउंड तीरंदाजों ने मिश्रित टीम स्वर्ण, पुरुषों की टीम रजत, महिलाओं की टीम कांस्य के साथ रिकर्व तीरंदाजों के निराशाजनक प्रदर्शन की काफी हद तक भरपाई भी कर दी। वहीं भारत के 24 वर्षीय एथलीट प्रवीण चित्रावेल ने अपने दूसरे प्रयास में 16.66 मीटर की शानदार छलांग लगाकर त्रिकूद में रजत पदक जीता। वहीं, सीमा ने महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। उन्होंने सीजन बेस्ट प्रदर्शन करते हुए 15:35.86 का समय निकाला। वह जूलिया डेविड स्मिथ के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। भारत के कुल पदकों की संख्या नौ हो गई है। प्रतियोगिता का 32वां संस्करण 16 से 27 जुलाई तक जर्मनी के छह शहरों में आयोजित किया जा रहा है। चेंगदू में 2023 का संस्करण भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था, जहां देश 26 पदकों के साथ सातवें स्थान पर रहा था। इसमें 11 स्वर्ण पदक शामिल थे, जिनमें से आठ निशानेबाजी में आए थे।

भुवनेश्वर का यह एथलीट ऑस्ट्रेलिया के कॉनर मर्फी से पीछे रहा जिन्होंने 16.77 मीटर की इस सत्र की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई। भारत अपने पदकों की संख्या में और सुधार कर सकता है क्योंकि पुरुष और महिला दोनों चार गुणा 400 मीटर रिले टीमों ने भी फाइनल के लिए क्वालीफाई करके शानदार प्रदर्शन किया है। जाधव ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 में से 14 निशाने 10 अंक के लगाये। उनका आखिरी निशाना नौ अंक का रहा जिससे रोमांचक फाइनल में ग्रेट ब्रिटेन के अजय स्कॉट को 149-148 से हराया।

स्कॉट के तीन एक्स (केंद्र के करीब 10 अंक वाले निशाने) के साथ शुरूआत करने के बावजूद, भारतीय ने धैर्य बनाए रखा और पांचवें दौर की आखिरी निशाने से पहले कोई चूक नहीं की। जाधव ने इससे सेमीफाइनल के बेहद रोमांचक मुकाबले में हमवतन कुशल दलाल को शूट ऑफ में पछाड़ा। दोनों तीरंदाजों के 148-148 से बराबरी पर रहने के बाद शूट ऑफ में भी 10 अंक का निशाना साधा लेकिन जाधाव का तीर केन्द्र के करीब था।

दलाल को इसके बाद कांस्य पदक मैच में भी निराशा का सामना करना पड़ा। वह पोलैंड के प्रेजेमिस्लाव कोनेकी से 148-150 से हार गए। इससे पहले महिलाओं के फाइनल में दक्षिण कोरिया की तीरंदाज ने परनीत को महज एक अंक से पछाड़कर 147-146 से जीत दर्ज की। क्वालिफिकेशन चरण में शीर्ष पर रहीं परनीत ने मजबूत शुरूआत की और पहले दो दौर में शानदार प्रदर्शन कर तीसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी पर दो अंकों की बढ़त बना ली। परनीत हालांकि तीसरे दौर में लय नहीं बनाये रख सकी और उन्होंने दो अंक गंवा दिये। इस दौर में मून ने पूरी 30 के स्कोर के साथ बराबरी की।

# 'भारत को खेल महाशक्ति बनाना है', पीएम मोदी ने लोगों के खेलने के लिए प्रेरित किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' के 124वें एपिसोड को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'मन की बात में एक बार फिर बात होगी देश की सफलताओं की, देशवासियों की उपलब्धि की। पिछले कुछ समय में पूरा देश, खेल, विज्ञान और संस्कृति को लेकर बहुत कुछ ऐसा हुआ है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है।' उन्होंने लोगों को खेल के लिए प्रेरित किया और कहा कि भारत को खेल महाशक्ति बनाना है।



पीएम मोदी ने कहा, 'क्या आप जानते हैं ओलंपिक के बाद सबसे बड़ा खेल आयोजन कौन सा होता है? इसका उत्तर है - वर्ल्ड पुलिस एंड गेम्स। दुनिया भर के पुलिसकर्मी, फायर फाइटर्स, सिक्योरिटी से जुड़े लोग उनके बीच होने वाला स्पोर्ट्स टूनामेंट। इस बार ये टूनामेंट अमेरिका में हुआ और इसमें भारत ने इतिहास रच दिया। भारत ने करीब-करीब 600 मेडल जीते। 71 देशों में हम शीर्ष तीन में पहुंचे।'

पीएम मोदी ने कहा, 'उन वदीर्धारियों की मेहनत रंग लाई जो दिन-रात देश के लिए खड़े रहते हैं। हमारे ये साथी अब खेल के मैदान में भी झंडा बुलंद कर रहे हैं। मैं सभी खिलाड़ियों और कोचिंग टीम को बधाई देता हूं। वैसे आपके लिए ये भी जानना दिलचस्प होगा कि 2029 में ये खेल भारत में होंगे। दुनिया-भर से खिलाड़ी हमारे देश आएंगे। हम उन्हें भारत की मेहमान-नवाजी दिखाएंगे, अपनी खेल संस्कृति से परिचय कराएंगे।'

पीएम मोदी ने कहा, 'बीते दिनों, मुझे, कई युवा एथलीट्स और उनके परिवार वालों के संदेश मिले हैं। इनमें 'खेलो भारत नीति 2025' की खूब सराहना की गई है। इस नीति का लक्ष्य साफ है - भारत को खेल महाशक्ति बनाना।'

# गिल ने पाकिस्तान के यूसुफ का 19 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा, 93 साल में ऐसा करने वाले पहले एशियाई बने

**मुंबई।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड दौरे पर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी है। वह विदेशी दौरे पर 700 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए। गिल अच्छी फॉर्म में नजर आ रहे हैं और मेजबानों पर दबाव बना रहे हैं।



एशियाई बल्लेबाज के इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन

| बल्लेबाज | देश | मैच | रन | औसत | साल |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभमन गिल | भारत | 4 | 700 | 101.40 | 2025 |
| मोहम्मद यूसुफ | पाकिस्तान | 4 | 631 | 90.14 | 2006 |
| राहुल द्रविड़ | भारत | 4 | 602 | 100.33 | 2002 |
| विराट कोहली | भारत | 5 | 593 | 59.30 | 2018 |

## गिल ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

मैनचेस्टर टेस्ट के पांचवें दिन गिल ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह विदेशी दौरे पर 700+ रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए। इस मामले में उन्होंने सुनील गावस्कर की बराबरी कर ली। दिग्गज बल्लेबाज ने 1971 में वेस्टइंडीज के दौरे पर 774 रन बनाए थे। ऐसा ही कारनामा उन्होंने 1979 में इंग्लैंड दौरे पर किया था। इस सीरीज में उन्होंने 732 रन बनाए। अब गिल ने मौजूदा सीरीज में 700* रन बनाकर बड़ा रिकॉर्ड बना लिया। ओवरऑल रिकॉर्ड की बात करें तो गिल किसी टेस्ट सीरीज में 700 रन बनाने वाले तीसरे भारतीय हैं। गावस्कर और उनके अलावा यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड टीम के भारतीय दौरे पर 2024 में 712 रन बनाए थे।

## 93 साल में पहले एशियाई खिलाड़ी

एशियाई देशों में भारतीय टीम इंग्लैंड का दौरा करने वाली पहली टीम थी। 1932 में भारत ने ऐसा किया था। इसके बाद पिछले 93 साल में गिल ही एशियाई बल्लेबाजों में इंग्लैंड में किसी एक टेस्ट सीरीज में 700 रन का आंकड़ा पार कर पाए। इतना ही नहीं, शुभमन गिल एक टेस्ट सीरीज 700 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे भारतीय कप्तान बन गए। गिल ने एक और उपलब्धि हासिल कर ली। वह तीसरे ऐसे मेहमान कप्तान हैं, जिसने इंग्लैंड में किसी टेस्ट सीरीज में 700 से ज्यादा रन बनाए।

रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद गिल को टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया। उन्होंने इस मौके का भरपूर लाभ उठाया और चयनकताओं को सही साबित किया। बल्ले से गिल धमाल मचा रहे हैं। वह इंग्लैंड में किसी टेस्ट सीरीज में 700 से ज्यादा रन बनाने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के 'रन मशीन' मोहम्मद यूसुफ के नाम था। यूसुफ ने 2006 में चार मैचों की सात पारियों में 90.14 की औसत से 631 रन बनाए थे। गिल ने 19 साल पुराना यह रिकॉर्ड तोड़ दिया।

# भारत में टेबल टेनिस का खेल कैसे विकसित होगा? दिग्गज अचंता शरत कमल ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल का मानना है कि भारतीय टेबल टेनिस को युवा प्रतिभाओं को सीनियर स्तर पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ने में मदद करने के लिए एक सुस्पष्ट प्रणाली की आवश्यकता है। हालांकि, हाल के परिणाम उत्साहजनक रहे हैं लेकिन 43 वर्षीय शरत का कहना है कि दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने वाली प्रणाली के बिना केवल प्रतिभा ही पर्याप्त नहीं है।



शरत ने बताया, 'हम एक-दो सितारों पर निर्भर नहीं रह सकते, हमें एक ऐसी संरचना की आवश्यकता है जो लगातार चैंपियन तैयार करे। युवा प्रतिभाएं तो बहुत हैं लेकिन मुख्य समस्या बदलाव के दौर की है जब तक हम सही व्यवस्था नहीं अपनाते, हम जूनियर चैंपियन को सीनियर चैंपियन बनते नहीं देख पाएंगे।' भारत ने 2024 एशियाई चैंपियनशिप में तीन कांस्य पदक जीते जिसमें आयहिका और सुतीर्था मुखर्जी ने महिला युगल में ऐतिहासिक पहला पदक जीता जबकि महिला टीम स्पर्धा में भी पहली बार कांस्य पदक मिला।

पेरिस ओलंपिक में महिला टीम पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची और प्री क्वार्टर फाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की रोमानियाई टीम को हराया। एकल मुकाबलों में मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला दोनों ही प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं। शरत ने कहा, 'असली चुनौती निरंतरता की है। एक पदक को दो होना चाहिए और उसे पांच या छह तक बढ़ाना होगा।' शरत के अनुसार यह निरंतरता एक व्यवस्थित योजना से आएगी जिसकी शुरूआत 11 साल की उम्र के बच्चों से होनी चाहिए।

उन्होंने कहा, '2036 को देखते हुए हमें उन बच्चों से शुरूआत करनी होगी जो अभी 11 या 12 साल के हैं। हम सभी इसी दिशा में प्रयास कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि हम जल्द ही एक व्यवस्थित बदलाव देखेंगे।' भारतीय ओलंपिक संघ के खिलाड़ी आयोग के उपाध्यक्ष शरत ने नए खेल विधेयक की भी प्रशंसा की जिसमें खिलाड़ियों को तवज्जो देने वाला ढांचा है। विधेयक के डोपिंग रोधी प्रावधानों पर शरत ने एक बेहद जरूरी बदलाव की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, 'इस बार सिर्फ खिलाड़ियों को ही सजा नहीं मिलेगी बल्कि कोच और अन्य संलिप्त लोगों को भी सजा मिलेगी। अक्सर खिलाड़ी ही पकड़ा जाता है जबकि अन्य बिना जांच के चलते रहते हैं। अब यह बदलाव होगा।'

# लेलाह फर्नांडिज और अन्ना कालिन्सकाया फाइनल में, राडुकानू और रिबाकिना हारीं





**वाशिंगटन।** लेलाह फर्नांडिज हार्ड कोर्ट टेनिस प्रतियोगिता डीसी ओपन के फाइनल में सत्र का पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने उतरेंगी जबकि अन्ना कालिन्सकाया की नजरें करियर के पहले खिताब पर होंगी। अमेरिकी ओपन 2021 की उप विजेता फर्नांडिज ने 12 ऐस लगाते हुए सेमीफाइनल में शनिवार को 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना को तीन घंटे और 16 मिनट में 6-7, 7-6, 7-6 से हराया। कालिन्सकाया ने हालांकि फर्नांडिज से आधे से भी कम समय में ऐमा राडुकानु को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में जगह बनाने वाली फर्नांडिज और कालिन्सकाया दोनों गैरवरीय खिलाड़ी हैं। पुरुष एकल में सातवें वरीय एलेक्स डि मनोर ने कोरेंटिन मोटेट को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरी बार इस टूनामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत चौथे वरीय बेन शेल्टन और 12वें वरीय एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी।

# भारत की लगातार दूसरी हार, ऑस्ट्रेलिया ने एक गेंद रहते हासिल किया लक्ष्य, धवन के 91 रन गए बेकार

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड का रोमांच फैंस का सिर चढ़कर बोल रहा है। शनिवार को इसमें भारत चैंपियंस और ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस के बीच लीड्स में मुकाबला खेला गया। युवराज सिंह की टीम 20 ओवर में चार विकेट पर 203 रन बना पाई। शिखर धवन ने 91 रन की पारी खेली। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 19.5 ओवर में छह विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। उनके लिए कैलम फर्ग्यूसन ने 70 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। उन्हें इसके लिए प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी दिया गया।



इस हार के साथ भारतीय टीम अंक तालिका में सबसे नीचे छठे स्थान पर है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। उसके तीन मैचों में दो जीत और एक बेनतीजा के साथ पांच अंक हैं। भारत ने तीन में से दो मैच गंवाए हैं और एक मैच बेनतीजा रहा है। टीम इंडिया के पास एक अंक है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच नहीं खेला था, जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार मिली थी। भारत को अब 27 जुलाई को इंग्लैंड से और 29 जुलाई को वेस्टइंडीज से खेलना है।

## भारत की पारी

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया की शुरूआत अच्छी रही। रॉबिन उथप्पा और धवन ने पहले विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की। उथप्पा 21 गेंद में तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से 37 रन बनाकर आउट हुए। अंबाती रायुडू एक बार फिर खाता नहीं खोल सके। वह द. अफ्रीका के खिलाफ भी खाता नहीं खोल सके थे। सुरेश रैना ने 11 गेंद में 11 रन की पारी खेली। वहीं, कप्तान युवराज सिंह तीन रन बना सके। धवन और यूसुफ पठान ने फिर पांचवें विकेट के लिए 100 रन की नाबाद साझेदारी निभाई। धवन 60 गेंद में 12 चौके और एक छक्के की मदद से 91 रन और यूसुफ 23 गेंद में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से 52 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से डैनियल क्रिश्चियन ने दो विकेट लिए, जबकि कप्तान ब्रेट ली और डार्सी शॉर्ट को एक-एक विकेट मिला।

## ऑस्ट्रेलिया की पारी

204 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरूआत खराब रही। 65 रन तक टीम ने चार विकेट गंवा दिए थे। शॉन मार्श 11 रन बनाकर आउट हुए। वहीं क्रिस लिन ने 10 गेंद में एक चौका और तीन छक्कों की मदद से 25 रन और डार्सी शॉर्ट ने 15 गेंदों में तीन चौके की मदद से 20 रन की छोटी मगर ताबड़तोड़ पारी खेली। बेन डंक खाता नहीं खोल सके। इसके बाद क्रिश्चियन ने फर्ग्यूसन के साथ पांचवें विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी निभाई। क्रिश्चियन 28 गेंद में पांच चौके और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, बेन कटिंग छह गेंद में 15 रन बनाकर आउट हुए। फिर फर्ग्यूसन ने रॉब क्विनी के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत दिलाई। फर्ग्यूसन 38 गेंद में पांच चौके और चार छक्कों की मदद से 70 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि क्विनी ने आठ गेंद में 16 रन की नाबाद पारी खेली। भारत की ओर से पीयूष चावला ने तीन विकेट लिए, जबकि हरभजन सिंह को दो विकेट मिले। विनय कुमार ने एक विकेट लिया।

# दक्षिण अफ्रीका को हराकर न्यूजीलैंड ने जीती त्रिकोणीय सीरीज, आखिरी ओवर में शानदार कैच ने पलटा मैच

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मैट हेनरी के अंतिम ओवर में दो शानदार कैच की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को तीन देशों की सीरीज के फाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन रन से रोमांचक जीत हासिल की। माइकल ब्रेसवेल ने मिड-विकेट बाउंड्री के पास कमाल का कैच लपक के खतरनाक बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को 31 रन पर आउट किया। इसके बाद डेरिल मिचेल ने लॉन्ग-ऑन पर जॉर्ज लिंडे का डाइव लगाकर शानदार कैच लपका, जिससे दक्षिण अफ्रीका जीत के लिए 181 रन का पीछा करते हुए छह विकेट पर 177 रन ही बना पाया।




इससे पहले डेवोन कॉनवे और रचिन रविंद्र के 47-47 रन की पारियों से न्यूजीलैंड ने पांच विकेट पर 180 रन बनाए। टीम को सलामी बल्लेबाज टिम सिफर्ट ने भी 30 रन बनाये। सिफर्ट ने रचिन के साथ पहले विकेट के लिए 75 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। लहुआन-ड्रे प्रिटोरियस (51) और रीजा हेंड्रिक्स (37) ने 10 ओवर के अंदर 92 की साझेदारी रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को शानदार शुरूआत दिलाई, लेकिन टीम ने 39 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए।

ब्रेविस ने 16 गेंद में एक चौका और तीन छक्के जड़ित पारी से टीम को जीत के पास पहुंचा दिया। दक्षिण अफ्रीका को आखिरी ओवर में सिर्फ सात रन की जरूरत थी। न्यूजीलैंड ने हालांकि हेनरी की शानदार गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षकों के कमाल के प्रदर्शन से लक्ष्य का बचाव किया। हेनरी ने बड़े स्कोर वाले इस मैच में तीन ओवर में 19 रन देकर दो विकेट लेने पर प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये। उन्हें सीरीज में 10 विकेट लेने पर प्लेयर और सीरीज का खिताब भी मिला। न्यूजीलैंड की टीम इस त्रिकोणीय सीरीज में तीन बार दक्षिण अफ्रीका की टीम से टकराई और तीनों में ही जीत हासिल की।

# तैराकी के तीसरे दिन सैफई खेल छात्रावास ने जीते 17 पदक

**नई दिल्ली।** खेल विभाग की ओर से सब जूनियर बालक-बालिका तैराकी प्रतियोगिता सिगरा स्टेडियम में हुई। तीसरे दिन सर्वाधिक 17 पदक जीतकर सैफई खेल छात्रावास की टीम अंक तालिका में सबसे ऊपर है। 14 पदकों के साथ वाराणसी दूसरे, 11 पदकों के साथ विंध्याचल मंडल की टीम तीसरे और लखनऊ खेल छात्रावास और लखनऊ की टीम 7 पदकों क साथ चौथे स्थान पर है।








शनिवार को 24 स्वर्ण पदक के लिए 18 मंडल और दो खेल छात्रावास के खिलाड़ियों ने तीन समूहों में दमखम दिखाया। आरएसओ विमला सिंह ने बताया कि ग्रुप एक के 400 मीटर फ्री स्टाइल में सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज के राज चौहान, बालिका वर्ग में लखनऊ की सृष्टि तिवारी, ग्रुप दो 400 फ्री स्टाइल में विंध्याचल के शिवकांत निषाद विंध्याचल, बालिका वर्ग में वाराणसी की इज्या सिंह और ग्रुप तीन के 400 मीटर फ्रीस्टाइल सैफई खेल छात्रावास के कुनाल कुमार, बालिका में लखनऊ की सांची तिवारी ने स्वर्ण पदक जीता।

200 मीटर बटर फ्लाई में सैफई खेल छात्रवास के संजीव यादव, बालिका में विंध्याचल की वंदना साहनी, 200 मीट बटरफ्लाई में वाराणसी के गौरव सेना गुप्ता, बालिका में वाराणसी की गायत्री ने स्वर्ण पदक जीता। 4 गुणा 200 मीटर फ्री स्टाइल रिले में वाराणसी, बालिका में गोरखपुर की टीम ने स्वर्ण पदक जीता।

कोलकाता में अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में वाराणसी के 7 खिलाड़ियों ने पदक जीता है। कोच अनीता सिंह ने बताया कि अंडर-17 बालक वर्ग में अंशुमान मिश्र, मृदुल छातानी, मनन पेशवानी ने स्वर्ण जीता। बालिका वर्ग में पंखुड़ी श्रीवास्तव ने काता और कुमिते, हरगुण कौर, पृथा सिंह, शैव्या श्रीवास्तव ने स्वर्ण और रुपाली कुशवाहा ने रजत पदक जीता।

जिलास्तरीय विद्यालयीय तीरंदाजी प्रतियोगिता की मेजबानी भेलूपुर के सीएम एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज को मिली है। प्रतियोगिता छह से सात अगस्त को विद्यालय में होगी। इसमें माध्यमिक और परिषदीय विद्यालयों के बच्चे हिस्सा ले सकते हैं। प्रधानाचार्य डॉ. अनुराग मिश्र ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। जिले के सभी माध्यमिक और परिषदीय विद्यालय के कक्षा छह से आठ के विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं।

## मुक्केबाजी : अंडर-14 में लक्ष्मी कुमारी ने मारी बाजी

केंद्रीय विद्यालय संगठन की 54वीं राष्ट्रीय बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता मेजर ध्यानचंद स्टेडियम के बॉक्सिंग हॉल में हो रही है। शनिवार को कई वर्गों के फाइनल मुकाबले खेले गए। विजेता खिलाड़ियों को मेडल दिया गया। रविवार को अंडर-19 के खिलाड़ियों का फाइनल मुकाबला होगा। अंडर-14 की 30-32 किलो भार वर्ग में वाराणसी की लक्ष्मी कुमारी ने रायपुर की श्रद्धा मिश्रा को हराया। विशिष्ट अतिथि आगरा संभाग की सहायक आयुक्त इंदिरा मुद्गल और राजकुमार, प्राचार्य नरेश बाबू अग्रवाल ने मेडल और माणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

मथुरा में प्रादेशिक समन्वय मुक्केबाजी में वाराणसी के दो खिलाड़ियों ने अपने मुकाबले जीत फाइनल में जगह बनाई है। मुक्केबाजी संघ के सचिव जनार्दन यादव ने बताया कि 43 किलो आदित्य गुप्ता ने सहारनपुर के खिलाड़ी और हिमांशु यादव ने प्रयागराज के खिलाड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनाई है। बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला 27 जुलाई को खेला जाएगा।

## काशी के विनीत मलयेशिया में दिखाएंगे ताइक्वांडो का दम

ताइक्वांडो खिलाड़ी विनीत कुमार काशी की गलियों से निकलकर अंतरराष्ट्रीय पटल पर अपनी चमक बिखेरने को तैयार हैं। मलयेशिया में 27 जुलाई से एशियाई कैडेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। पुआरिकला बाबतपुर क्षेत्र के निवासी विनीत का सफर संघर्ष और जुनून की एक मिसाल है। जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि विनीत के चयन की खबर खुशी लेकर आई है। विनीत का ताइक्वांडो के प्रति लगाव 2021 में शुरू हुआ, जब उन्होंने शौकिया तौर पर चंद्रभान पटेल की अकादमी में प्रशिक्षण लेना शुरू किया। 2023 में उनका चयन मध्य प्रदेश के धार के साई प्रशिक्षण केंद्र के लिए हो गया।

# गिल-जडेजा और सुंदर के शतकों ने भारत को पारी की हार के संकट से निकाला

**मुंबई।** शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर की शतकीय पारियों के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए चौथे टेस्ट मैच के ड्रॉ करा लिया।

## सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि श्री अशोक मोहन कुशवाहा एवं श्रीमती सुनीता, निवासी -डी-243, ब्रिज विहार, चंदर नगर, गाजियाबाद-, ने अपनी पुत्री सोनी कुशवाहा से अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति एवं पारिवारिक संबंधों से त्याग/बेदखल कर दिया है। चूंकि वह अब हमारे नियंत्रण से बाहर है, अत: वह हमारे संरक्षण में नहीं है और अपने सभी कार्यों, निर्णयों, लेन-देन एवं दायित्वों के लिए स्वयं उत्तरदायी होगी। उसमें हमारी किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
श्री अशोक मोहन कुशवाहा एवं श्रीमती सुनीता की ओर से अधिकृत रूप से एडवोकेट नवीन चंद्र जोशी द्वारा प्रकाशित की जा रही है।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे गणमान्य








गाजियाबाद (करंट क्राइम)। उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों का सिलसिला शनिवार को भी जारी रहा। शनिवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री के लोहिया नगर स्थित आवास पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद अरुण सिंह, रालोद के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी, जिलाधिकारी दीपक मीणा, विधायक लक्ष्मीराज सिंह, एमएलसी दिनेश गोयल, यूपी सिडको चेयरमैन वाईपी सिंह, रालोद राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक जोगिंदर सिंह अवाना, भाजपा गौतमबुद्धनगर जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, पूर्व विधायक जितेंद्र सतवाई आदि पहुंचे। सभी ने स्वर्गीय राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विधायक संजीव शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ सुना मन की बात कार्यक्रम







गाजियाबाद करंट क्राइम। रविवार को वार्ड 39 में शहर विधायक संजीव शर्मा भाजपा कार्यकर्ता योगेश शर्मा के निवास पर पहुंचे। यहां पर उन्होंने मन की बात कार्यक्रम सभी कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रिया वरुण नागर, महामंत्री मनु वशिष्ठ, पूर्व पार्षद तेन सिंह, ब्लॉक आरडब्लूए के अध्यक्ष इंद्राज सिंह चंदेला भी उपस्थित रहे।

## लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि मनाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट पंजीकृत द्वारा रविवार को ज्ञानपीठ केंद्र 1 स्वरूप पार्क जीटी रोड साहिबाबाद की प्रांगण में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष शिक्षाविद राम दुलार यादव राजनीतिक चिंतक के नेतृत्व में भारत रत्न मिसाइल मैन पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर देवकरण चौहान ने, आयोजन इंजीनियर धीरेंद्र यादव ने, संचालन श्रमिक नेता अनिल मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण करते हुए उनके सम्मान में जोरदार नारे लगाए गए तथा कार्यक्रम में शामिल सभी साथियों ने उनके द्वारा सुझाए गए प्रेरणादायक विचार पर चलने का संकल्प लिया कार्यक्रम को जगन्नाथ प्रसाद, मोहम्मद ताहिर अली ने भी संबोधित किया गीतकार हुकुम सिंह, राजेंद्र सिंह ने राष्ट्रगीत सुना सभी को आत्मविभोर कर दिया । शिक्षा विद समाजवादी चिंतक राम दुलार यादव ने कहा कि डॉक्टर अब्दुल कलाम विलक्षण प्रतिभावान, सादगी, सरलता, ईमानदारी और नैतिकता की मिसाल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज देश की दिशा और दशा बदली हुई है। हम डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम साहब के सपनों का देश नहीं बना पाए हैं। अब्दुल कलाम साहब के सपनों का भारत बने हमें सद्भाव, भाईचारा प्रेम और सहयोग की भावना के साथ मिलकर काम करना होगा। यह नैतिक आचरण और ईमानदारी से ही संभव होगा। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करने वाले प्रमुख रहे रामदुलार यादव, ओम प्रकाश अरोड़ा, अनिल मिश्रा, रवि चौहान, शिव शंकर, देवकरण सिंह, सम्राट सिंह यादव, एन जगन्नाथ प्रसाद, हुकुम सिंह, राजेंद्र सिंह, सत्यपाल, मुनीम राम, शंभू नाथ, एस तिवारी, भारत भूषण एडवोकेट, उधम सिंह, चिंतामणि यादव, अमृतलाल चौरसिया, इंजीनियर धीरेंद्र यादव, विजय मिश्रा, ताहिर अली, रामेश्वर यादव, हरिकृष्ण, प्रेमचंद पटेल आदि शामिल रहे।

# नंगला फिरोज मोहनपुर के शिव मंदिर में पंचायत आयोजित

## जीडीए की हरनंदीपुरम योजना के तहत आने वाले गांवों को गाजियाबाद नगर निगम में शामिल करने का किया विरोध

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नंगला फिरोज मोहनपुर के शिव मंदिर में रविवार को मथुरापुर, शमशेर चंपत नगर, नंगला भनेड़ा, खुर्द मोहनपुर आदि गांवों के किसानों ने जीडीए की हरनंदीपुरम योजना एवं मुरादनगर क्षेत्र के अटौर, भोवापुर शाहपुर निज मोरटा एवं भीक्कनपुर आदि गांवों को गाजियाबाद नगर निगम में शामिल करने के विरोध में पंचायत आयोजित की। पंचायत का संचालन देहात मोर्चा के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रिंसिपल मन्तराम नागर ने किया तथा अध्यक्षता डॉ वेदपाल चौधरी ने की। पंचायत में विभिन्न गांव के सैकड़ों किसानों ने शामिल होकर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जीडीए किसानों को झूठे प्रलोभन देकर तथा तरह-तरह के डर दिखाकर हमारी बेश कीमती जमीन को हड़पने की नाकाम कोशिश कर रहा है। लेकिन सभी गांवों के किसानों ने अपनी मजबूत एकता का परिचय देते हुए एक स्वर में अपनी बेस कीमती जमीन को नहीं देने की बात दोहराई तथा वही किसानों ने प्रशासन भी आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले लगातार कई वर्षों से इन गांवों के कृषि भूमि विक्रय मूल्यों में बढ़ोतरी ने करके किसानों के साथ अनदेखी की है। यदि प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो किसान आंदोलन के द्वारा सड़क पर भी संघर्ष करने के लिए मजबूर होगा तथाअपनी गुहार लेकर शासन तक भी जाएगा। पंचायत को नंगला गांव के प्रधान अमित उर्फ कालू चौधरी, इंद्रपाल चौधरी मोहनपुर, अजय चौधरी शमशेर, एड० इंद्रपाल चौधरी, रणबीर प्रधान, तेजराम प्रधान, देवेंद्र चौधरी, अटौर सतपाल नागर एवं दक्ष नागर मथुरापुर तथा सचिन चौधरी, अतुल चौधरी, जगपाल चौधरी, विजेंद्र चौधरी आदि दर्जनों गणमान्य लोगों ने संबोधित किया। पंचायत में समयपाल, अजब सिंह, पुष्पेंद्र सोहनवीर, बुद्ध प्रकाश, दीपक शर्मा, राजेंद्र चौधरी, ओमपाल चौधरी, लखमीपाल, नत्थूपाल, रिंकू पाल, सुदेश बंसल, अरविंद जागर, ऋषि नागर, ओमपाल शर्मा, गुरुदत्त शर्मा, प्रदीप कुमार, नितेश शर्मा, मनोज पाल, कपिल कुमार, बालकिशन सहित सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### गाजियाबाद के गांवो को पंचायतों से नगर निगम में शामिल करने की प्रक्रिया उचित नहीं

**करंट क्राइम।** दूसरी ओर मोर्चा के प्रधान महासचिव नागर ने अपने संचालन संबोधन में कहा कि शासन ने गाजियाबाद के गांवो को पंचायतों से नगर निगम गाजियाबाद में शामिल करने की प्रक्रिया उचित नहीं है क्योंकि नगर निगम में पहले से शामिल गांवों का समुचित विकास नहीं हो पाया और ऊपर से उन पर कई टैक्स थोप दिए गए हैं। अतः इस स्थिति में ओर गांवों को नगर निगम में शामिल करना न्यायोचित नहीं है और इन गांवो के समुचित विकास को ध्यान में रखते हुए यथा स्थिति बना रहना ही उचित रहेगा।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की महिला मोर्चा ने तीज कार्यक्रम का किया आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की महिला मोर्चा ने तीज कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा एवं उनकी धर्मपत्नी कल्पना, पुत्र वधु पूजा छाबड़ा सम्मिलित हुए। साथ ही महानगर चेयरमैन सुरेश महाजन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पप्पू लौरिया, उपाध्यक्ष संजीव लाहौर, उपाध्यक्ष वरुण, भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एस एच ओ कवि नगर योगेन्द्र मलिक एवं एसओ महिला थाना रितु त्यागी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन महानगर प्रभारी महिला मोर्चा साक्षी नारंग ने किया। साथ ही महानगर चेयरमैन पूनम सिंह महानगर, अध्यक्ष महिला मोर्चा शीतल अरोड़ा, महामंत्री अन्नू अरोड़ा परमजीत, पूनम शर्मा, शिखा, निर्मला सिंह, सारिका शर्मा, मंजू यादव, मंजू चौहान, लवली कौर आदि काफी भारी संख्या में महिलाएँ इस कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।




## किस थ्री-स्टार की गिफ्ट वॉच की है चर्चा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तमाम प्रभारी है और तमाम ऐसे थ्री-स्टार हैं, जो सुर्खियों में रहते हैं, लेकिन इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में एक थ्री-स्टार प्रभारी की गिफ्ट वॉच की चर्चा जमकर सुनाई दे रही है। सुनने में आ रहा है कि मामला सिटी वाले जोन का है। यहां के एक थाना प्रभारी आजकल वॉच को लेकर कुछ ज्यादा ही लाइम लाइट में आ गए हैं। बताया जा रहा है उनको बीते दिनों एक महंगी वॉच गिफ्ट की गई है। गिफ्ट करने वाला कोई और नहीं इलाके में गेम खिलावाने वाला बताया जा रहा है। तो सुनने में तो यह भी आ रहा है कि इस मामले में भगवा दल वालों के यहां से भी सिफारिश का दौर चला था। सूत्र बता रहे हैं कि गेम खिलावाने वाले से प्रभारी ने गिफ्ट ले लिया है और अब अपनी एक और लिस्ट दे दी है। जिसको लेकर वह टेंशन में आ गया है। सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले को लेकर चर्चा कई दिनों से चल रही थी। मामला एक अधिकारी के पास तक भी पहुंचे ने की बात सुनाई दे रही है, पर अभी इस मामले को लेकर कोई एक्शन मोड नहीं लिया गया है। वहीं सूत्र यह बता रहे हैं कि यह जिस प्रभारी का मामला है उनके पहले भी



कई किस्से और कारनामे वीडियो के जरिए आए थे। वैसे वह पारी ठीक-ठाक खेल चुके हैं और बताया जा रहा है कि उनको थाना पाने की इतनी जल्दी थी कि वह आदेश आने से पहले ही थाने के गेट पर पहुंच गए थे। सूत्रों से जानकारी मिली है कि वॉच वाले मामले को लेकर इलाके वाले अधिकारी अनजान हैं, पर चर्चा जोरों पर बनी हुई है। उधर सिटी के एक थानाक्षेत्र में अतिक्रमण और रात को मुख्य चौराहे के निकट होने वाला खुला खेल बंद होने का नाम नहीं दे रहा है। कांवड़ यात्रा तो जैसे तैसे उनके इलाके वाले साहब ने मेहनत करते हुए निपटवाली पर आगे वाली डगर कठिन नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि टेशन में दबे प्रभारी अटेंशन नहीं ले रहे हैं और यही उनकी टेंशन का कारण बन सकता है। इसके साथ ही कमिश्नरेट वाले सूत्र इस ओर इशारा कर रहे हैं कि गाजियाबाद वाले सिस्टम में जल्द ही लिस्ट को लेकर टविस्ट् आने वाला है। इस लिस्ट में किसको चांस मिलता है और किसको सीट गंवानी पड़ती है यह देखना बेहद दिलचस्प होगा। साथ ही किसकी पावर और प्रेजेंटेशन काम आती है, यह भी देखना बेहद दिलचस्प रहेगा। कुल मिलाकर आने वाले कुछ दिन पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में रोमांचक होने वाले बताए जा रहे हैं।

# वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति ने लगाया नेत्र जांच कैंप

## कैंप में लगभग 186 ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति,गाजियाबाद द्वारा रविवार को वरदान नेत्र चिकित्सा सेवा संस्थान के कुशल चिकित्सकों के सहयोग से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, ग्राम खेड़ा, पिलखुवा में ग्रामीणों के नेत्रों की गहन जांच हेतु एक कैंप का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 186 ग्रामीणों की आंखों की जांच की गई और 14 लोग ऑपरेशन के लिए योग्य पाए गए जिन्हें सदैव की भांति वरदान चिकित्सा संस्थान गाजियाबाद ले जा कर ऑपरेशन करने पश्चात घर छोड़ने की व्यवस्था की गई है। कैंप में जहां वरदान चिकित्सा संस्थान की ओर से व्यवस्थापक श्री विजय नेतृत्व में कुशल डॉक्टर्स की टीम मौजूद रही वहीं वरिष्ठ नागरिक समिति की ओर से डॉ जे एल रैना, आर के गुप्ता, वी पी रस्तोगी, रमेश अरोड़ा, एल डी शर्मा, आर पी शर्मा, एम बी भारद्वाज, ए के जैन, आर एन सक्सेना, एस के शर्मा, एस के रस्तोगी और वी पी सिंह ने सफल बनाने में अपना योगदान दिया। कैंप के पश्चात खेड़ा के पास ही सिखेड़ा ग्राम स्थित अपना घर नामक संस्था जिसमें असहाय, निराश्रित और समाज तथा घर वालों द्वारा त्यक्त तथा मेंटली रिटार्डेड रहते है उनकी सेवा सुश्रुषा की जाती है इस आश्रम मे सभी ने अपनी ओर से यथायोग्य आर्थिक सहयोग भी दिया।

## हैप्पी मुमेंट ग्रुप ने किया तीज महोत्सव का आयोजन



गाजियाबाद, करंट क्राइम। हैप्पी मुमेंट ग्रुप वैशाली सेक्टर एक द्वारा रविवार को वैशाली स्थित होटल प्लाजा दिलारो में तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक नृत्य, खेलकूद, मनोरंजन, हास्य, अंताक्षरी द्वारा तीज उत्सव को मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल उपस्थित रहे। समाजसेवी गीता गुप्ता और उनकी टीम द्वारा इस उत्सव को मनाया गया। इस अवसर पर मिथिलेश शर्मा, प्रीति भटनागर, दिव्या, रेनू कटारिया, कविता अग्रवाल, कानता चौधरी, अनीता लंबा, किरण कोहली, हरप्रीत, रजनी, सुषमा गुर्जर, शुभ्रा रस्तोगी, कविता वाषने, सुखविंदर कौर नीलम कोहली, पूनम गुप्ता, श्वेता गोयल, पूनम अग्रवाल, पिंकी मंगला, दिशा चुग, आरती मीणा, प्रीति गुप्ता, बबीता खुल्वै, मंजू सिंह, पुष्पा कश्यप, शशि गौतम, बीना आहूजा, सुचित्रा उपाध्याय, श्वेता मित्तल, सपना श्रीवास्तव, रश्मि, मंजू शर्मा, रेखा गौतम, अनुपम, आशा सिंह, सिमरन गार्गी, मोनिका, ममता, श्रुति शर्मा, संजना, सुनीता उपाध्याय, मीनाक्षी, छवि वंसी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की देखरेख अशोक गुप्ता द्वारा की गई।

# वैश्य अग्रवाल सभा इंदिरापुरम ने किया हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन

## तीज महोत्सव में महिलाओं संग पुरुषों ने भी रैंप वॉक कर बिखेरा जलवा






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैश्य अग्रवाल सभा इंदिरापुरम द्वारा हरियाली तीज के कार्यक्रम का आयोजन किया जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा हरियाली तीज के गानों पर जमकर प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों ने भी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान कई लकी ड्रा कूपन भी निकाले गए जो एग्रोनिका इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से दिए गए। कई तरह की गेम खिलाए गए जिसमें कपल गेम , क्वेश्चन आंसर गेम, टंग ट्विस्टर आदि शामिल थे, जिसमें महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इनाम जीते। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने अपने साजन के साथ रैंप वॉक कर अपनी अदाओं के जलवे बिखेर कर और सावन के झूले पर अपने पिया संग सेल्फी लेकर इन यादगार पलों को संजोया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने डीजे पर खूब मस्ती और धमाल कर एक दूसरे के प्रति प्रेम जताया और सबको सावन की मिठाई घेवर देकर विदा किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल , मंजुला गुप्ता , अभिनव जैन, धीरज अग्रवाल , मनोज गोयल, महेश गुप्ता , नवनीत मित्तल, दीपक गुप्ता, विनीत अग्रवाल, संजय जैन, सौरभ गुप्ता, सीमा गुप्ता, रेनू अग्रवाल, किरण गुप्ता मनोज गोयल, कुसुम गोयल, आशु गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। हैल्थ है तो वैल्थ है और अपनी इसी हैल्थ का ध्यान युवा भाजपा नेता संदीप चौरसिया खूब रखते हैं। अपने डोलों की ताकत दिखाकर अक्सर वो सुर्खियों में आते हैं। मगर अच्छे स्वास्थ्य का संदेश वो युवा पीढ़ी में भी दे जाते हैं। शरीर के प्रति खुद को जागरूक रखने वाली संदीप चौरसिया की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# कांगो में चर्च पर इस्लामिक स्टेट समर्थित विद्रोहियों का हमला, दुकानों पर भी आग लगाई



## 21 लोगों की मौत

**किसांसा ।** पूर्वी कांगो में एक चर्च परिसर पर रविवार को इस्लामिक स्टेट (आईएस) समर्थित विद्रोहियों ने हमला कर दिया। इसमें 21 लोगों की मौत हो गई। एक स्थानीय कार्यकर्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोमांडा में नागरिक समाज समन्वयक डियूदोने द्रुांथाबो ने बताया, 21 से ज्यादा लोगों को परिसर के अंदर और बाहर गोली मार दी गई। अब तक तीन जले हुए शव मिले हैं और कई घरों में आग लगा दी गई। लेकिन तलाशी अभियान अभी जारी है।

कांगो की सेना के इतूरी प्रांत के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जूल्स नगोंगो ने इस हमले की पुष्टि की। उन्होंने कहा, जो जानकारी हमें सुबह मिली है, उसके मुताबिक कुछ हथियारबंद लोग कोमांडा के पास एक चर्च में घुसे और उन्होंने वहां करीब 10 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। इसके अलावा कुछ दुकानों को आग लगा दी गई। द्रुांथाबो ने कहा, हम बेहद निराश हैं। यह अविश्वसनीय है कि ऐसा हमला उस कस्बे में हुआ, जहां सभी सुरक्षा अधिकारी मौजूद थे।

**यह हमला पूर्वी कांगो के कोमांडा क्षेत्र में तड़के करीब एक बजे हुआ। हमला कैथोलिक चर्च के परिसर में किया गया। हमलावर 'एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्स' (एडीएफ) के सदस्य थे। इस हमले में कई घर और दुकानें भी जला दी गई**

अब कुछ लोग इस क्षेत्र से भागने लगे हैं और बुनिया की ओर जा रहे हैं। उन्होंने कहा, हम तत्काल सैन्य कार्रवाई की मांग करते हैं, क्योंकि हमें बताया गया है कि दुश्मन अब भी हमारे शहर के पास ही हैं। युगांडा और कांगो की सीमा के आसपास सक्रिय है एडीएफ एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्स एक विद्रोही समूह है, जिसका इस्लामिक स्टेट से संबंध है। यह समूह युगांडा और कांगो की सीमा के आसपास सक्रिय रहता है और अक्सर आम नागरिकों पर हमले करता है। इस महीने की शुरूआत में भी इसी समूह ने इतूरी प्रांत में दर्जनों लोगों की हत्या कर दी थी। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता ने उस घटना को 'खून की होली' बताया था। एडीएफ अब तक कर चुका ह ारों नागरिकों की हत्या एडीएफ की स्थापना 1990 के दशक के अंत में युगांडा में हुई थी।

## गाजा में इस्राइली हमलों और गोलीबारी में 53 लोगों की मौत, आईडीएफ ने हवाई मदद भेजने का किया एलान



**देइर अल बलाह ।** गाजा में शुक्रवार रातभर और शनिवार तक इस्राइली हवाई हमलों और गोलीबारी में कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और स्थानीय एंबुलेंस सेवा ने दी। ज्यादातर लोगों को उस समय गोली मारी गई, जब वे खाने की मदद पाने की कोशिश कर रहे थे। भूख से मरने के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। वहीं, इस्राइली सेना ने एलान किया है कि वह शनिवार से गाजा में हवाई मदद भेजना शुरू कर देगी। गाजा के उत्तर में, इस्राइल से लगे जिकिम बॉर्डर क्रॉसिंग के पास कुछ ही घंटो में दो बार इस्राइली सेना ने गोलीबारी की। शिफा अस्पताल, जहां मृतकों के शव लाए गए, के कर्मचारियों ने बताया कि पहली घटना में कम से कम 12 लोग मारे गए, जो सहायता ट्रकों का इंतजार कर रहे थे। इस्राइली सेना ने कहा कि उन्होंने भीड़ को हटाने के लिए चेतावनी के तौर पर गोली चलाई और उन्हें किसी के मरने की जानकारी नहीं है। रोशनी देखकर दौड़े लोग, तभी शुरू हुई फायरिंग एक चश्मदीद, शेरिफ अबू आयशा ने बताया कि लोगों ने जब रोशनी देखी, तो उन्हें लगा कि सहायता ट्रक आ रहे हैं, और वे दौड़ पड़े। लेकिन जब पास पहुंचे, तो देखा कि वो इस्राइली टैंक थे, और तभी फायरिंग शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि इस गोलीबारी में उनके चाचा की भी मौत हो गई। उन्होंने कहा, 'हम वहां इसलिए गए क्योंकि हमारे पास खाना नहीं था, और कोई मदद नहीं मिल रही थी।'

इस्राइली सेना ने मदद लेने आई भीड़ पर की गोलीबारीः डॉ. सेल्मिया शनिवार शाम को शिफा अस्पताल के निदेशक डॉ. मोहम्मद अबू सेल्मिया ने बताया कि इस्राइली सेना ने संयुक्त राष्ट्र के खाने के काफिले से मदद लेने आई भीड़ पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 11 लोग मारे गए और 120 से ज्यादा घायल हो गए। उन्होंने कहा कि संख्या और बढ़ सकती है। इस्राइली सेना ने इस पर कोई जवाब नहीं दिया।

# बलूचिस्तान में गायब हो रहे लोग छह माह में 752 लापता, 117 लोग मारे गए



**क्वेटा ।** पाकिस्तान में बलोचों के साथ होने वाले सरकारी दुर्व्यवहार पर बलोच यकजेहती समिति (बीवाईसी) ने एक अर्ध-वार्षिक मानवाधिकार रिपोर्ट (जनवरी-जून 2025) जारी की है। इसमें बलूचिस्तान प्रांत में व्यवस्थित और व्यापक सरकारी दमन को लेकर तथ्य पेश किए गए हैं। द बलूचिस्तान पोस्ट (टीबीपी) के मुताबिक, बीवाईसी ने अपनी रिपोर्ट में सिर्फ आंकड़े ही नहीं दिए बल्कि बलोचों की सामूहिक पीड़ा, अन्याय और सांविधानिक सुरक्षा उपायों के पतन का रिकॉर्ड भी पेश किया है। बीवाईसी नेता सम्मी दीन बलोच ने कहा, रिपोर्ट के निष्कर्ष पीड़ितों के परिवारों, प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय मानवाधिकार संगठनों की गवाही पर आधारित हैं, जो जबरन गायब किए जाने और न्यायेतर हत्याओं में खतरनाक वृद्धि को दशार्ते हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में 752 लोगों को जबरन गायब किया गया। इनमें से 181 को बाद में रिहा कर दिया गया, जबकि 25 की कथित तौर पर हिरासत में मौत हो गई। 546 व्यक्तियों का ठिकाना अज्ञात है। बलूचिस्तान पोस्ट ने बताया कि मकरान क्षेत्र में सबसे अधिक संख्या में लोग गायब हुए, जिनमें फ्रंटियर कोर (एफसी) के कर्मियों को मुख्य अपराधी बताया गया। रिपोर्ट में 117 न्यायेतर हत्याओं में अधिकांश फर्जी मुठभेड़ों और हिरासत में हत्याओं से जुड़ी हुई हैं। बीएलए ने ली सशस्त्र अभियानों की जिम्मेदारी, 23 मार गिराए बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बलूचिस्तान के विभिन्न इलाकों में एक साथ कई सशस्त्र अभियानों की जिम्मेदारी ली है।

# पाकिस्तान में फिर आ सकती है 2022 जैसी त्रासदी, सरकार ने जारी किया बाढ़ का अलर्ट



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में साल 2022 जैसी त्रासदी आने का डर है और इसे लेकर वहां की सरकार ने अलर्ट जारी किया है। अलर्ट में कहा गया है कि भारी बारिश के चलते ग्लेशियर झील में पानी का ओवरफ्लो हो गया है, जिससे झील के टूटने का खतरा है। अगर ऐसा होता है तो यह भारी तबाही ला सकता है। इससे पहले साल 2022 में भी पाकिस्तान में बाढ़ भारी तबाही लेकर आई थी और उसमें 1700 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी।

भारी बारिश ने बढ़ाई चिंता पाकिस्तान के प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता अनवर शहजाद ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भारी मानसून बारिश हो रही है। इसके चलते मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि भारी बारिश से ग्लेशियर झील ओवरफ्लो होकर टूट सकती है। इससे पहले महीने की शुरूआत में अधिकारियों ने चेतावनी दी थी कि लगातार उच्च तापमान के कारण पहाड़ों पर ग्लेशियर पिघलने की रफ्तार तेज हो गई है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के चलते न सिर्फ ग्लेशियर पिघल रहे हैं बल्कि लोगों के घरों, बुनियादी ढांचों, कृषि और उद्योगों को भी नुकसान हो रहा है। भारी बारिश के चलते पाकिस्तान के कई इलाके पहले से ही बाढ़ की चपेट में हैं। लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए हेलीकॉप्टर तैनात किए गए हैं। सड़कों से मलबे हटाने के लिए मशीनरी तैनात की गई है। बाढ़ प्रभावित इलाकों को राशन और अन्य जरूरी सामान की आपूर्ति की जा रही है।

जलवायु परिवर्तन से पाकिस्तान में प्राकृतिक आपदाओं की संख्या बढ़ी जलवायु परिवर्तन के बाद जो देश प्राकृतिक आपदाओं से ज्यादा प्रभावित हैं, उनमें पाकिस्तान भी शामिल है। इस साल सितंबर तक ही पाकिस्तान में 260 लोगों की मौत प्राकृतिक आपदाओं के चलते हो चुकी है। साल 2022 की बाढ़ में 1700 लोगों की मौत के अलावा 3 करोड़ से ज्यादा लोग विस्थापित भी हुए थे।

# बांग्लादेश में अराजकता का दौर जारी शेख हसीना की पार्टी के मुख्यालय को कब्जाने की कोशिश, तनाव बढ़ा



**ढाका ।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में उस समय सियासी हलचल तेज हो गई, जब एक अज्ञात समूह ने देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी, अवामी लीग के मुख्यालय पर कब्जा करने की कोशिश की। यह घटना ऐसे वक्त पर सामने आई है जब 5 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सत्ता से बेदखली की वर्षगांठ नजदीक है। बताया जा रहा है कि यह समूह 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑन फासिज्म एंड जेनोसाइड' के बैनर तले काम कर रहा है।

ढाका के बंगबंधु एवेन्यू स्थित अवामी लीग कार्यालय के हर कमरे की सफाई हो रही है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह काम किसके आदेश पर हो रहा है। भवन में प्रतिदिन 10-12 लोग साफ-सफाई कर रहे हैं। एक स्थानीय पर्यवेक्षक शेखावत हुसैन ने मीडिया को बताया कि यह इमारत फासीवादी शासन की निशानी है। इसे खाली कराकर हम नियंत्रण में ले रहे हैं ताकि यहां दोबारा फासीवाद जन्म न ले।

आंदोलनकारियों का मकसद कहा जा रहा है कि यह 10 मंजिला इमारत उन लोगों के विश्राम स्थल के तौर पर इस्तेमाल की जाएगी जो मौजूदा तख्तापलट के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। आंदोलनकारी साफ कर चुके हैं कि वे शेख हसीना और उनके पिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान से जुड़ी हर स्मारक और प्रतीक को हटाएंगे। इससे पहले उन्होंने ढाका के धनमंडी स्थित बंगबंधु म्यूजियम (पूर्व में शेख मुजीब का आवास) को भी ढहा दिया था।

### शेख हसीना का पतन और अस्थायी सरकार

गौरतलब है कि अगस्त 2024 में छात्र-नेतृत्व वाले विद्रोह के बाद शेख हसीना को सत्ता से बाहर कर दिया गया था। इसके बाद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार का गठन हुआ। इस सरकार ने अवामी लीग के सभी राजनीतिक कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगा दिया था। शेख हसीना के सत्ता से बाहर होने के बाद प्रदर्शनकारियों ने पार्टी के कई दफ्तरों को आग के हवाले कर दिया था।

राजनीतिक माहौल में तनाव ढाका में अवामी लीग के मुख्यालय पर कब्जे की यह कोशिश एक बार फिर बता रही है कि बांग्लादेश की राजनीति में स्थिरता अब भी दूर है। हालिया घटनाएं संकेत देती हैं कि सरकार विरोधी ताकतें अब संगठित होकर पुराने सत्ता प्रतिष्ठानों को चुनौती देने में लगी हैं। यह भी चिंता का विषय है कि अंतरराष्ट्रीय नामों वाले समूह स्थानीय राजनीति में हस्तक्षेप करने लगे हैं।

# ईरान ने मुजाहिदीन-ए-खल्क संगठन के दो सदस्यों को दी फांसी, सार्वजनिक स्थलों पर हमले का आरोप



**ईरान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां ईरान सरकार ने रविवार को सार्वजनिक और नागरिक स्थलों पर हमले करने के आरोप में विपक्षी संगठन मुजाहिदीन-ए-खल्क (एमईके) के दो सदस्यों बेहरूज एहसानी इस्लामलू और महदी हसानी को फांसी दे दी है**

**तेहरान ।** सरकार का आरोप है कि इन दोनों ने देश के आत्मिक मोर्टार लॉन्चर लेकर सरकारी भवन, स्कूल, आवासीय इलाकों पर हमला करने का दोषी पाया गया।

ईरान की न्यायपालिका की आधिकारिक वेबसाइट मिजान ऑनलाइन की रिपोर्ट के अनुसार, एहसानी 1980 के दशक से इस संगठन से जुड़ा था और एक बार जेल भी जा चुका था। जेल से रिहा होने के बाद उसने फिर से संगठन के लिए काम करना शुरू किया। उसे उस वक्त गिरफ्तार किया गया, जब वह तुर्की की सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था। उसके पास से हथियार, गोला-बारूद, बम बनाने की सामग्री और अपनी पहचान छिपाने के उपकरण मिले थे।

विदेश से मिली थी साजिश की जिम्मेदारी वहीं सरकारी मीडिया का दावा है कि एहसानी को अल्बानिया में बैठे संगठन के नेताओं ने ईरान भेजा था, ताकि वह देश के अंदर आतंक फैलाने के लिए गुप्त नेटवर्क बना सके। वह सरकारी और आम लोगों को निशाना बनाने के लिए लोगों को ट्रेनिंग भी दे रहा था।

बता दें कि इन दोनों लोगों पर सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने, गुप्त जानकारी जुटाने और वीडियो रिकॉर्ड करके उन्हें संगठन के मीडिया चैनलों को भेजने के भी आरोप लगे। उन्हें राज्य से युद्ध, षड्यंत्र, आतंकवादी संगठन की सदस्यता और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे गंभीर मामलों में दोषी ठहराया गया।

क्या है एमईके का इतिहास, समझिए गौरतलब है कि मुजाहिदीन-ए-खल्क (एमईके) कभी ईरान की शाही सरकार के खिलाफ था और 1979 की इस्लामी क्रांति का समर्थन करता था। लेकिन बाद में इसका झुकाव क्रांति के नेता अयातुल्ला खोमैनी के खिलाफ हो गया। 1980 के दशक में इस संगठन ने ईरान में कई बम धमाके और हत्याएं की थीं और इराक के सद्दाम हुसैन का समर्थन किया था, जिससे आज भी ईरान में लोग इस संगठन से नाराज हैं।

# गाजा में मानवीय मदद ले जा रहे जहाज को इस्राइल ने रोका, अभी तक नहीं बताई वजह



**गाजा ।** इस्राइली सेना ने गाजा में उनकी नाकाबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहे एक जहाज को रोक लिया है। इस जहाज का संचालन करने वाले सामाजिक संगठन फ्रीडम फ्लोटिला ने रविवार को बताया कि संगठन ने कहा कि इस्राइली सेना ने शनिवार आधी रात से ठीक पहले गाजा से लगभग 40 समुद्री मील दूर अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में जहाज को जबरन रोका, जिससे जहाज के कैमरे और संचार उपकरण कट गए। संगठन ने एक बयान में कहा, 'सारा माल गैर-सैन्य था और इस्राइल की अवैध नाकाबंदी के चलते भुखमरी और चिकित्सा संकट से जूझ रही आबादी की मदद करने के लिए था।'

इस्राइली सेना ने तत्काल इन आरोपों पर कोई टिप्पणी नहीं की।इस्राइल के विदेश मंत्रालय ने रविवार तड़के पर साझा पोस्ट में बताया कि नौसेना ने जहाज को रोक लिया है और उसे किनारे पर लाया जा रहा है। हाल के महीनों में दूसरी बार है, जब इस्राइली सेना ने गाजा में सहायता पहुंचाने की कोशिश को रोक दिया। यह मदद ऐसे समय रोकी गई है, जब गाजा में भुखमरी के हालात हैं और खाद्य विशेषज्ञ अकाल के खतरे की चेतावनी दे रहे हैं। जून में जब इस्राइली सेना ने जहाज मैडलीन को जब्त किया था। उस पर मशहूर पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग समेत 12 कार्यकर्ता सवार थे। गाजा में भुखमरी के हालात यह जहाज ऐसे समय में पकड़ा गया है जब इस्राइल, गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति को लेकर अंतरराष्ट्रीय आलोचना का सामना कर रहा है। एक क्षेत्रीय मानवाधिकार समूह, अदालाह ने कहा कि जहाज पर छापेमारी अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। इसने 10 देशों के सांसदों और मानवाधिकार कार्यकताओं सहित 21 कार्यकताओं की तत्काल रिहाई की मांग की। मानवाधिकार संगठनों ने इस्राइली कार्रवाई पर उठाए सवाल अदालाह ने एक बयान में कहा, 'जहाज ने इस्राइली जलक्षेत्र में प्रवेश नहीं किया था, न ही ऐसा करने का इरादा था; यह अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत मान्यता प्राप्त फलस्तीन राज्य के जलक्षेत्र की ओर जा रहा था। जिस अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में जहाज चल रहा था।

**इस्राइल ने जहाज पर मौजूद 21 अंतरराष्ट्रीय कार्यकताओं और पत्रकारों को भी हिरासत में लिया है। साथ ही जहाज पर लदा हुआ बच्चों का खाना, भोजन और दवाइयां सहित सभी सामान जब्त कर लिया**

# विमान के पहियों में आग लगी तो जान बचाकर ऐसे भागे यात्री



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के डेनवर एयरपोर्ट पर शनिवार को एक बड़ा विमान हादसा बाल-बाल टल गया। अमेरिकन एयरलाइंस की मियामी जाने वाली फ्लाइट अअ-3023 के लैंडिंग गियर में आग लग गई। इस घटना ने रनवे पर अफरा-तफरी मचा दी। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें दिख रहा है कि किस तरह यात्री जान बचाकर विमान से बाहर भाग रहे हैं और चारों ओर धुआं फैला है। विमान में 173 यात्री और छह क्रू मेंबर सवार थे। यह घटना दोपहर 2:45 बजे (स्थानीय समय) के आसपास हुई जब बोइंग 737 मैक्स 8 विमान टेकऑफ की तैयारी कर रहा था। उसी दौरान लैंडिंग गियर में तकनीकी खराबी के कारण धुआं उठने लगा और कुछ ही देर में उसमें आग लग गई। डेनवर एयरपोर्ट प्रशासन और फायर डिपार्टमेंट की टीम को तुरंत अलर्ट किया गया। मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि यात्री घबराए हुए विमान की इमरजेंसी स्लाइड से नीचे फिसलते हुए बाहर आ रहे हैं। इस दौरान चारों ओर धुआं फैला हुआ था। एक यात्री की हरकत पर विशेष रूप से चर्चा हो रही है जो आग की इस स्थिति में एक हाथ में बच्चा और दूसरे में सामान लेकर फिसलता दिखा। वह गिर भी गया और सोशल मीडिया पर उसकी आलोचना हो रही है कि उसने सामान को बच्चे से ज्यादा प्राथमिकता दी। एक व्यक्ति घायल, सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

# 27वें ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मलेन के कार्यालय का हुआ उद्‌घाटन

## कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे विधायक संजीव शर्मा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा गाजियाबाद के 27वें ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मलेन के मुख्य पंजीकरण कार्यालय का उदघाटन संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं0 गोपाल दत्त शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक संजीव शर्मा रहे। कार्यक्रम के अन्य अतिथि पं0 सुरेंद्र कुमार मुन्नी, प0 के. के. शर्मा आदि रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष पं0 आदेश शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम 8-9 नवम्बर 2025 को अग्रसेन भवन लोहिया नगर में आयोजित होगा।

कार्यक्रम हर बार की तरह इस बार भी इस कार्यक्रम को शानदार तरीके से सम्पन्न कराने में समाजसेवी एवं जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन जेके गौड़ की अहम भूमिका रही।

पंजीकरण मुख्य पंजीकरण कार्यालय एवं पश्चिमी उ० प्र० के विभिन्न जनपदों के स्थानीय कार्यालय में कराए जा सकते है। पंजीकरण ऑनलाइन भी संस्था की वेबसाइट www.abbmsgzb.in के माध्यम द्वारा कर ईमेलः abbmgzb@gmail.com पर भेजे जाएंगे। उदघाटन में पं. जे. के. गौड़, पं. जयनन्द शर्मा, पं. सुभाष शर्मा, पं. नरेश पाल कौशिक, पं. नरेन्द्र कुमार शर्मा, पं. अमित भारद्वाज, पं. विष्णु शर्मा, पं. परमानन्द गौड़, पं. आदेश शर्मा, पं. आर के शर्मा, पं. विजय भरद्वाज, पं. संदीप शर्मा, पं. हरी ओम शर्मा, पं. आशुतोष शर्मा, पं. जे पी शर्मा, पं. हिमांशु भरद्वाज, पं. धीरज भार्गव, पं. डी डी शर्मा, पं. अशोक शर्मा, पं. फेरुदत्त शर्मा, पं. सुरेन्द्र शर्मा, पं. एस. के. शर्मा, पं. नितिन शर्मा, पं. राजेंद्र शर्मा, पं. मदन शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

### जब संजीव शर्मा ने कहा पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी को ब्राह्मण शिरोमणि



**करंट क्राइम।** राजनीति में नेताओं के शब्द तर्क–वितर्क के रूप में ज्यादा निकलते हैं। यहां अक्सर शब्दों में किसी की भी तारीफ का घाटा दिखाई देता है। मगर राजनीति में कुछ नेता नफे नुकसान से आगे की सोचते हैं। उनके लिए सम्मान और संबंध प्राथमिकता में रहते हैं। कार्यक्रम में कुछ ऐसा ही तब देखने को मिला जब शहर विधायक संजीव शर्मा ने माईक हाथ में आने के बाद कार्यक्रम में पधारे समाज के लोगों के नामों को बारी–बारी लिया। लेकिन यहां पर सबका ध्यान तब आर्कषित हुआ जब विधायक संजीव शर्मा ने पूर्व विधायक सुरेन्द्र कुमार मुन्नी को अपने शब्दों से एक अलग सम्मान दिया। उन्होंने श्री मुन्नी को ब्राह्मण शिरोमणि कहकर सम्बोधित किया। संजीव शर्मा के शब्दों के बाद चर्चा यही थी कि राजनीति में एक नेता दूसरे नेता का कम्पटीटर होता है। ऐसे में सुरेन्द्र कुमार मुन्नी को ब्राह्मण शिरोमणि का दर्जा देकर संजीव शर्मा ने बड़े दिल का परिचय दिया है।

### ब्राह्मण समाज का उभरता चेहरा बन रहे हैं आदेश शर्मा



करंट क्राइम। आयोजन समिति के अध्यक्ष आदेश शर्मा ने अपनी अध्यक्ष वाली जिम्मेदारी को कार्यक्रम के दौरान बखूबी संभाला। उन्होंने कार्यक्रम अध्यक्ष के तौर पर आयोजन में आये सभी मेहमानों का सम्मान किया एवं कार्यक्रम की बारिकीयों को पूरी तत्परता से साधा। पंडित आदेश शर्मा ने इस कार्यक्रम को पिछले वर्ष भी कराने में अहम भूमिका निभाई थी। यही वजह है कि समाज के प्रबुद्ध चेहरों ने उन्हें इस बार भी इस आयोजन के अध्यक्षता की जिम्मेदारी सौंपी। सबको मान सम्मान देकर चलने वाले आदेश शर्मा का नाम आयोजन के दौरान काफी सुर्खियों में रहा। कार्यक्रम में आये चेहरे आदेश शर्मा की कार्यशैली की प्रसंशा करते दिखे। कहने वाले यही कह रहे थे कि जिस आत्मीयता और मधुर व्यवहार से आदेश शर्मा समाज एवं व्यापार को साध कर चल रहे हैं, उसे देखकर लगता है कि भविष्य में ये अपना आधार मजबूत करके और काफी आगे बढ़ेंगे।

# अब वंदे भारत एक्सप्रेस हापुड़ रेलवे स्टेशन पर भी रुकेगी

## सांसद अतुल गर्ग, सांसद अरुण गोविल ने ट्रेन को दिखाई हरी झंडी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हापुड़ रेलवे स्टेशन के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा। मेरठ से लखनऊ के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का विशेष रूप से हापुड़ रेलवे स्टेशन पर भी ठहराव सुनिश्चित किया गया। यह संभव हो सका सांसद अतुल गर्ग, सांसद अरुण गोविल तथा पूर्व सांसद मेरठ राजेन्द्र अग्रवाल के सतत प्रयासों से संभव हुआ है।

हापुड़ रेलवे स्टेशन पर इस गौरवपूर्ण क्षण में अतुल गर्ग एवं अरुण गोविल ने संयुक्त रूप से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति भी हार्दिक आभार, जिनके सहयोग से यह महत्वपूर्ण पहल साकार हो सकी। यह ठहराव न केवल हापुड़ के लोगों के लिए बल्कि गाजियाबाद के लोगों की थी सुविधा बढ़ाएगा, क्षेत्र के विकास में भी एक मील का पत्थर साबित होगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वाले, नगर पालिका पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल, संजीव मित्तल, विपिन गोयल , भूषण यादव यशवर्धन शील्वी ,मनीष दीक्षित,पंकज कोहली, राहुल भाटी, अमन और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### विभु बंसल ने जताया आभार



करंट क्राइम। ट्रेन के स्टॉपेज को लेकर पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभु बंसल ने सांसद अतुल गर्ग का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सांसद क्षेत्र के विकास को लेकर काफी कुछ कर रहे हैं।

# शालीमार गार्डन में हरियाली तीज के कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन स्थित बैंड बाजा बारात बैंकट हॉल में तीज मेला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सुनील शर्मा कैबिनेट मंत्री, उनकी पत्नी अलका शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व मेयर आशा शर्मा कार्यक्रम में मौजूद रही।

पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा ने बताया की मेला का मुख्य आकर्षण महिलाओं के द्वारा अलग अलग प्रकार के स्टाल लगाए गए एवं स्वादिष्ट व्यंजन एवं स्टेज प्रोफेमेशन रही हजारों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि हरियाली तीज, जैसा कि इसके नाम से ही स्पष्ट है, हरियाली और प्रकृति से गहरा संबंध रखता है। यह पर्व वर्षा ऋतु के आगमन का सूचक है, जब धरती मां हरे परिधान में सजकर हमें शीतलता और शांति प्रदान करती हैं।

यह स्त्रियों के त्याग, प्रेम और अटूट विश्वास का भी प्रतीक है। इस अवसर पर शिवानी गुप्ता, नैंसी हजेला, पूजा गर्ग, नीरू तोमर, पिंकी सिंह, पूजा सिरोही, अर्चना मेहता, शालनी जैन, ईशा भारद्वाज, सिमरन राजपूत आदि महिला मौजूद रही।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने बूथ नंबर 578 पर कार्यकर्ताओं संग सुनी पीएम के 'मन की बात'



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 124वां एपिसोड सुना। इंदिरापुरम मंडल के बूथ नंबर 578 पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात भगवती गेस्ट हाउस, सुरक्षा अपार्टमेंट, अभय खंड 3 में कार्यकर्ताओं के साथ सुना। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागरिकों के बीच सीधे संवाद का माध्यम है, जिसमें समाज, नवाचार और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा होती है। इस बार, पीएम मोदी राष्ट्रीय हित, जन कल्याण और नागरिक भागीदारी जैसे विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। पिछले कुछ वर्षों में मन की बात कार्यक्रम जमीनी स्तर के प्रेरणादायक प्रयासों को उजागर करने तथा विभिन्न विकासात्मक और सामाजिक कार्यों में नागरिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के एक मंच के रूप में उभरा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया।



# यशोदा मेडिसिटी, इंदिरापुरम में आयोजित हुआ विशेष ऑर्थोपेडिक स्वास्थ्य शिविर

## हम हर व्यक्ति के लिए किफायती स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध : पीएन अरोड़ा

### इस पहल में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यशोदा मेडिसिटी, इंदिरापुरम ने रविवार को एक मेगा ऑर्थोपेडिक्स शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें गाजियाबाद और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज शामिल हुए। इस शिविर का नेतृत्व यशोदा मेडिसिटी के ऑर्थोपेडिक्स, जॉइंट रिप्लेसमेंट और स्पोर्ट्स मेडिसिन विभाग के निदेशक एवं यूनिट हेड डॉ. ब्रजेश कौशले, और डायरेक्टर, डॉ. अखिल कुलश्रेष्ठ की विशेषज्ञ टीम ने किया। इसका उद्देश्य जोड़ों, हड्डियों और मांसपेशियों से जुड़ी समस्याओं की समय पर पहचान, दर्द प्रबंधन और मरीजों को फिर से सक्रिय जीवन की ओर ले जाना था। शिविर में आए प्रतिभागियों को निःशुल्क ऑर्थोपेडिक एवं रूमेटोलॉजी परामर्श, बोन मिनरल डेंसिटी जांच, और व्यक्तिगत उपचार सलाह जैसी अनेक सेवाएं प्रदान की गईं। यह शिविर उन मरीजों के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध हुआ जो वर्षों से पुरानी दर्द की समस्याओं से जूझ रहे थे, लेकिन उन्हें अब तक सही निदान या उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाया था। यहां उन्हें विशेषज्ञों से परामर्श और इलाज की स्पष्ट दिशा प्राप्त हुई।



डॉ. पी.एन. अरोड़ा, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा मेडिसिटी ने कहा, हम हर व्यक्ति के लिए उन्नत और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस तरह के शिविर हमारी उस व्यापक सोच का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य ऑर्थोपेडिक्स सहित विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञताओं में समय पर रोग की पहचान और रोकथाम को बढ़ावा देना है। डॉ. ब्रजेश कौशले, डायरेक्टर और यूनिट हेड, ऑर्थोपेडिक्स, जॉइंट रिप्लेसमेंट और स्पोर्ट्स मेडिसिन विभाग ने कहा, जानकारी की कमी और विशेषज्ञ देखभाल तक सीमित पहुंच के चलते कई मरीज वर्षों तक चुपचाप ऑर्थोपेडिक समस्याओं से जूझते रहते हैं। यह शिविर ऐसे लोगों तक पहुंचने और उन्हें सीधे विशेषज्ञ परामर्श व व्यक्तिगत सलाह देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा, जिससे वे बेहतर स्वास्थ्य की ओर पहला कदम बढ़ा सकें।

डॉ. अखिल कुलश्रेष्ठ, ने कहा, हमारा प्रयास सिर्फ इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को समय पर सही जानकारी और परामर्श उपलब्ध कराना भी है। यह शिविर इस सोच को जमीन पर उतारने का एक उदाहरण है – ताकि लोग जागरूक हों, सवाल पूछें और अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।

# सर्वसमाज रामलीला समिति के अध्यक्ष बने धर्मेंद्र ठाकुर



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर-तीन सर्व समाज रामलीला समिति का वार्षिक चुनाव रविवार की शाम को संम्पन हुआ। सर्वसम्मति से धर्मेंद्र ठाकुर को समिति का नया अध्यक्ष चुन लिया गया। लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और मिष्ठान का वितरण किया।

चुनाव के दौरान काफी संख्या में के लोगों की मौजूदगी रही। जिसमें समिति के 104 सदस्यों ने मतदान किया। 62 वोट पाकर धर्मेंद्र ठाकुर ने जीत हासिल की दूसरे अध्यक्ष प्रत्याशी लोकेश चौधरी को 42 वोट मिले । परिणाम आने पर लोकेश चौधरी ने धर्मेंद्र ठाकुर को फूल माला पहनाकर बधाई दी और कहा कि हम सब मिलकर बेहतर तरीके से रामलीला का आयोजन करेंगे । नवनिर्वाचित अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य रामलीला करके कीर्तिमान स्थापित करने की पूर्ण कोशिश करेंगे । रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र भदोरिया, उपाध्यक्ष जयप्रकाश झा और सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई और शुभकामनाएं दी । समिति के पूर्व अध्यक्ष विनोद शर्मा ने फूलमाला पहनाकर धर्मेंद्र ठाकुर को शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर विनोद कुमार शर्मा (दरोगा जी) विनोद शर्मा और (टीटूमामा) जग नारायण यादव, प्रमोद राजपूत, जितेंद्र यादव, विनोद शर्मा, हरमेल सिंह, जितेंद्र कौशिक, अजय झा, राजेंद्र त्यागी, प्रवीण वर्मा, सतीश भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मुस्कुराये एक जनप्रतिनिधि और बिना कुछ किये उन्होंने छिड़क दिया उन्होंने दिलजलों के दिल पर नमक? कहा अनपढ़ जाट पढ़ा जैसा, पढ़ा जाट खुदा जैसा? अब तो वो तीनों इस बात को गये होंगे समझ? कहने वाले ने कहा जब जनप्रतिनिधि बोल रहे थे ये शब्द? तब देखते ही बन रही थी उनकी मुस्कुराहट? जैसे दे रहे हों देने वालों को संदेश? तुम कितने ही जोर लगा लो, हमारा मजबूत था, मजबूत है और मजबूत ही रहेगा बेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि किसी ने पहुंचाया भगवा वैश्य मेम्बर के पास मैडम की नाराजगी का पैगाम? कहा अब पहले जितने नंबर आपके वहां पर नहीं बचे है श्रीमान? हो गये हैं आप उनके सीन से आउट? शायद दूर हो गये होंगे आपके डाउट? कहने वाले ने कहा हम देख रहे थे इन शब्दों को सुनकर भी नहीं था वैश्य मैम्बर के चेहरे पर तनाव? उन्होंने कहा इस मामले को हम चुटकियों में सुलझा लेंगे? आप अगर कहो तो हम कल ही मैडम जी को मना लेंगे?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या मामला सबकुछ इत्तेफाक वाला है या कमांडर सोच समझकर चला रहे हैं किसी के दिल पर आरी? सुना है मंडल अध्यक्षों को टूर लगाने के बाद भाई साहब ने कर ली है अब विधानसभा के सभी भगवा पार्षदों को टूर लगाने की तैयारी? सुना है उन्होंने टूर पर जाने वाले मैम्बर्स की लिस्ट कर ली है तैयार? बनाया है किसी धार्मिक यात्रा पर सबको ले जाने का विचार? कहने वाले ने कहा अभी तो पार्टी शुरू हुई है? अभी तो ना जाने कमांडर अपनी इस सीट को लेकर दिखायेंगे कौन–कौन से किरदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब आप कर ही रहे हो भगवा कमांडर की बात? तो फिर एक और सवाल उनके नाम पर छाप दो आप? हमें पता चला है कोई साहिबाबाद से अपने प्रतिष्ठान का कटवाना चाहता है उनसे फीता? बस इसी बात ने खड़ा कर दिया है सारा फजीता? सुना है कमांडर ने सामने वाले को उद्घाटन में नहीं आने की सीमा विवाद वाली बताई है वजह? सुना है जब से समर्थक को मिला है ये जवाब? तब से उसे आ नहीं रहा है मजा? उसने कमांडर से कह दिया है स्पष्ट? अगर आपने हमारे प्रतिष्ठान का फीता नहीं काटा? तो उसका शटर गिराने में नहीं होगा हमको कोई कष्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मैम्बर ने रख दी दिल की बात बाहर? जब उनसे किसी ने पूछा कि बिना मेयर की जानकारी के आपने कैसे बनाया धरना देने का विचार? आपने नहीं रखा था प्रोटोकाल का ध्यान? इसलिए वो आपके धरने पर नहीं आईं श्रीमान? इन शब्दों को सुनकर दिया फिर मैम्बर ने तर्क? कहा मैं और सौलंकी भैया परमीशन लेने के लिए गये थे उनके द्वार बजाई थी हमने कई बार घंटियां? मगर कोई भी नहीं आया था बंगले से बाहर? दिन थे कम इसलिए हमने धरना दे दिया यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि फिर इन मैम्बर ने इसके आगे रखी अपने मन की बात? कहा उनका यूं हम सब के सामने से निकल जाना दे रहा था हमारे दिल को आघात? ऐसा लग रहा था जैसे जला दी हो किसी ने हमारे दिल पर छुरी? हम सोच रहे थे कि वो क्यों नहीं समझ रहीं थी हमारी मजबूरी? अगर वो धरने पर बैठे दो मैम्बर्स को भी बुला कर ले गई होंती अपने साथ? समझाया होता उन्होंने साथ ही लगाई होती डांट? सच बता रहे हैं हम उनकी डांट को भी बर्दाश्त कर लेते? मगर यूं हमारे सामने से चले जाना, उनका हमें नहीं हो रहा है आजतक बर्दाश्त?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ना जाने क्यों भगवागढ़ के बड़े चेहरे स्टोरी में तलाशते रहते हैं ट्विस्ट? कहीं बैठे थे और कह रहे थे कि करने वाले को नहीं करना चाहिए था पाठक जी और चौधरी साहब को अपने घर ले जाने के लिए इनसिस्ट? कहने वाले ने कहा यूं किसी का इन दो बड़े चेहरें को निमंत्रण देना नहीं हो रहा है हजम ? कहने वाले कह रहे है कि जब आने वाला तब कहीं और नहीं जाता है जब वो कहीं पर प्रकट करने के लिए आया होता है गम? कहने वाले ने कहा यूं उनका बार बार इनसिस्ट पर इनसिस्ट करना नहीं हो रहा है तीन प्रमुख चेहरों को हजम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें भाती है भगवा झा की अदा? क्योंकि वो खुलकर स्वीकार करते हैं अपने गुण और जोश? मगर सुना है जब से मामला आठवें नंबर पर आया है तब से हो गये हैं वो खामोश? हम देख रहे हैं तब से नहीं रख रहे हैं वो इस मामले में मन की बात? कहने वाले कह रहे थे कमांडर के टाईम पर भी नहीं आया था आपका ऐसे वाला रिपोर्ट कार्ड? हमें पता है वो बहुत मेहनती चेहरे हैं? शायद ये वाला परिणाम हो गया है उनके लिए कुछ ज्यादा ही हार्ड?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमारा गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर तक पहुंचा दो पैगाम? वो जो कर रहे हैं बासुंरी दीदी के सम्मान में कार्यक्रम? उसके पीछे नहीं छिपा है कोई भी पैगाम? नहीं हैं उनके मन में महानमंत्री बनने की चाहत? इस बात से उन्होंने भगवा योद्धा को भी अवगत करा दिया है साफ और स्पष्ट? वो दे रहे हैं अपने चेहरों में संदेश? हम जहां हैं जैसे हैं ठीक हैं? अब नहीं आना है हमको फर्स्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता है भगवा कमांडर अपने टूर पर हमें नहीं लेकर जायेंगे साथ? वजह स्पष्ट है कि हमारी उनसे नहीं है इतनी मीठी वाली बात? कुछ ऐसा ही हाल था हमारा अजय शर्मा जी के भी साथ? वो भी अपनी टीम वालों को खूब पार्टी देते थे? तब भी हमारे ऐसे ही थे हालात? आज हम नजर आते हैं भगवा योद्धा के साथ? हमारे भी ऐसे प्रोग्राम को देखकर उठते हैं घूमने के जज्बात? हम कर रहे हैं अब इस बात का इंतजार? क्या भगवा कमांडर की तरह योद्धा भी ले जायेंगे किसी टूर पर हमें अपने साथ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## उद्घाटन



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने रविवार को धनपत कॉलोनी गली नंबर 5 में टाइल्स लगाने के कार्य का नारियल तोड़कर उद्घाटन किया। इस सड़क के बनने से वर्षों से चली आ रही समस्या समाप्त हो जाएगी । इस मौके पर राजेंद्र कुमार, सनम अब्दुल खान तथा दर्जनों लोगो ने पार्षद का आभार व्यक्त किया।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।